राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 23
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 23 दिसंबर 2025
मूल्य : 2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट | पेज 3 किसान महापंचायत : ज़मीन से लेकर अस्तित्व तक की जंग की चर्चा | पेज 4 पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कार टकराई, बाप-बेटे समेत 3 की मौत | पेज 6 ईशान किशन के लिए एक और खुशखबरी, विजय हजारे ट्रॉफी

## संक्षिप्त खबरें

### असम के कार्बी आंगलोंग में हिंसा

**कार्बी।** असम के कार्बी आंगलोंग में सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने कार्बी आंगलोंग ऑटोनॉमस काउंसिल प्रमुख के घर में आग लगा दी। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी, इसमें तीन प्रदर्शनकारी और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए। प्रदर्शनकारी PGR और VGR जमीन से अवैध कब्जे हटाने की मांग को लेकर 12 दिन से भूख हड़ताल पर थे। हिंसा के बाद कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग में धारा 163 लगा दी गई है। जिले में रात का कर्फ्यू भी लागू है।

### एअर इंडिया प्लेन का एक इंजन हवा में बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली से मुंबई जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट को 40 मिनट में ही इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बोइंग 777-300ER AI887 फ्लाइट का दाहिना इंजन टेक-ऑफ के बाद बंद हो गया। उसमें ऑइल प्रेशर जीरो हो गया था। इसके चलते उसे दिल्ली एयरपोर्ट लौटना पड़ा। प्लेन ने सुबह 6:10 बजे AI 887 के रूप में मुंबई के लिए उड़ान भरी थी और 6.52 पर यह वापस आ गया। हालांकि 2 इंजन वाले प्लेन एक इंजन के जरिए भी सुरक्षित लैंड कर सकते हैं। इसलिए इसे तुरंत ही लौटाने का फैसला लिया गया। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट Flightradarwy.com के मुताबिक टेक-ऑफ के बाद लगभग एक घंटे तक हवा में थी।



### हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- तुम हर बात में मेरे मायके वालों को बीच में क्यों लाते हो?

पति- देखो जब टीवी में खराबी आती है तो कोई टीवी को थोड़े ही बोलता है...
गाली तो कंपनी वाले ही खाते हैं. पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से से लाल हो गई।



### शायरी

जो तौर है दुनिया का उसी तौर से बोलो
बहरों का इलाका है ज़रा ज़ोर से बोलो !!

### अर्थसार



संसेक्स:
85,567.48
+638.12 (0.75%)
निफ्टी:
26,172.40
+206.00

### मौसम



अधिकतम : 22 डिग्री से0
न्यूनतम : 09 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 7 : 12
सूर्यास्त मंगलवार : 5 : 35

# अरावली पर्वत बचाने के लिए आंदोलन, जोधपुर में लाठीचार्ज

## राजस्थान के कई शहरों में पुलिस-प्रदर्शनकारी भिड़े, सीकर में हर्ष पर्वत पर चढ़े लोग







एजेंसी

सीकर। राजस्थान में अरावली पर्वत श्रंखला में खनन को मंजूरी मिलने से नाराज लोगों ने सोमवार को प्रदर्शन किया।

कांग्रेस और सामाजिक संगठनों के लोगों की उदयपुर कलेक्ट्रेट में पुलिस से धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। यहां पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को अरेस्ट भी कर लिया। सीकर में 945 मीटर ऊंचाई पर स्थित हर्ष पर्वत पर प्रदर्शन किया गया।

अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- राजस्थान के लिए अरावली फेफड़े के समान है। इस फैसले को वापस लेना होगा, नहीं तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। जोधपुर में एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदर्शन के दौरान बेरिकेड्स पर चढ़ गए। पुलिस ने लाठी चलाकर भीड़ को खदेड़ा।

### अरावली को बचाने के लिए एकजुट हुए सभी

20 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भू-आकृति को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। इस मानक से अरावली की 90त्न से ज्यादा पहाड़ियां संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएगी। इस फैसले के बाद अरावली को बचाने की आवाजें तेज हो गई।

### उदयपुर में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

उदयपुर में कई संगठन कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर अरावली बचाने के लिए एकजुट हुए। कांग्रेस कार्यकर्ता, करणी सेना, फाइनेंस ग्रुप और कई समाजों के लोगों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को वापस लिया जाए, नहीं तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस बीच कलेक्ट्रेट पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हो गई।

### अलवर में जूली बोले-अरावली को खत्म नहीं होने देंगे

अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अरावली राजस्थान का फेफड़ा है। सरकार इसे खत्म करना चाहती है। मैं चैलेंज करता हूं, इस अरावली को खत्म नहीं होने देंगे।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा- भ्रम फैलाना बंद करें

अरावली के मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा- भ्रम फैलाना बंद करें! अरावली के कुल 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में मात्र 0.19 प्रतिशत हिस्से में ही खनन की पात्रता हो सकती है। बाकी पूरी अरावली संरक्षित और सुरक्षित है।

### मुख्यमंत्री बोले- सिर्फ डीपी बदलने से काम नहीं चलता है



सीएम भजनलाल ने कहा- आज लोग सेव अरावली की डीपी लगा रहे हैं। सिर्फ बदलने से काम नहीं चलता है। काम चलता है दृढ़ इच्छा शक्ति से। काम चलता है काम करने से। हमारे राजस्थान के भाई-बहनों को इस तरह मत बरगलाइए। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि, हम किसी भी तरह से अरावली के साथ छेड़छाड़ नहीं होने देंगे।

# मोदी मजदूरों का पैसा बढ़ने नहीं देना चाहते : सोनिया

## मनरेगा खत्म होगा तो करोड़ों गरीब बेरोजगार होंगे, सालभर काम की गारंटी खत्म हो जाएगी : सोनिया




**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी MGNREGA को खत्म करने से गांवों में रहने वाले करोड़ों लोगों पर बुरा असर पड़ेगा। मनरेगा खत्म होना सामूहिक नाकामी है।

इसके खिलाफ सभी से एकजुट होना चाहिए। सोनिया गांधी ने 22 दिसंबर को अंग्रेजी अखबार में पब्लिश अपने कॉलम द बुलडोजर डिमॉलिश ऑफ मनरेगा में यह बात कही। उनका कॉलम तब आया है, जब राष्ट्रपति मुर्मू विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) बिल को मंजूरी दे चुकी हैं, जो मनरेगा की जगह लेगा।

इस नए कानून में ग्रामीण मजदूरों को 125 दिन काम देने की गारंटी दी गई है।

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 16 दिसंबर को लोकसभा से VB-G-RAM-G बिल पास किया गया था। 18 दिसंबर को इसे राज्यसभा से पास किया गया था।

### ट्रेनें लेट



श्रीनगर में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सशस्त्र सुरक्षाकर्मी एक खोजी कुत्ते के साथ एक आवासीय क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाते हुए।

## जम्मू-कश्मीर के आवंतिपोरा में आतंकी मददगार गिरफ्तार, हथियार और कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के आवंतिपोरा इलाके में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वुयान खरू क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान की गई। ऑपरेशन को आवंतिपोरा पुलिस, सेना की 50 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की 185वीं बटालियन ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया।

# के कविता का ऐलान- नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगी

हैदराबाद। भारतीय राष्ट्र समिति नेता के. कविता ने सोमवार को नई राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया। कविता पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। कविता ने कहा कि उनका संगठन तेलंगाना जागृति 2029 का विधानसभा चुनाव जरूर लड़ेगा। उन्होंने साफ किया कि वह अपने पिता की बनाई पार्टी बीआरएसमें नहीं लौटेंगी। कविता ने कहा पार्टी का नाम क्या होगा यह अभी नहीं कहा जा सकता। कविता 2014 से 2019 तक निजामाबाद से लोकसभा सांसद रह चुकी हैं। 2 सितंबर को के. कविता को कथित पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में उनके पिता की पार्टी बीआरएस से निकाल दिया गया था। जोगुलाम्बा गडवाल जिले के



दौरे के दौरान कविता ने कहा कि नई पार्टी लोगों की भागीदारी और तेलंगाना की संस्कृति की रक्षा पर केंद्रित होगी। अपने 'माना ऊरु-माना एमपी' कार्यक्रम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनका जमीनी स्तर पर लोगों से मजबूत जुड़ाव है।

उन्होंने दावा किया कि बीआरएस के भीतर की अंदरूनी राजनीति के कारण उन्हें 2019 का चुनाव हारना पड़ा, फिर उनकी इच्छा के खिलाफ एमएलसी बना दिया गया।

# क्रेटा-डंपर की टक्कर, दो दोस्तों समेत 4 लोगो की मौत

## एयरबैग नहीं खुला, सिर फटने से गई जानें; बिजनौर में जलसे से लौट रहे थे

बिजनौर। बिजनौर में हाईवे पर बेकाबू क्रेटा पीछे से डंपर में घुस गई। कार सवार 4 लोगों की मौत हो गई। इनमें दो दोस्त, मौलाना और बुजुर्ग शामिल हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। 14 फीट की कार 10 फीट रह गई।

कार सवार जलसे से लौट रहे थे। हादसा रविवार रात साढ़े 11 बजे हरिद्वार रोड पर नांगल थाना क्षेत्र में हुआ। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। देखा तो कार में चारों





बुरी तरह फंसे थे। आनन-फानन में पुलिस बुलाई। पुलिस ने डंपर में फंसी कार को खींचा और दरवाजे काटकर शवों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, कार के एयरबैग नहीं खुले थे। सिर और चेहरे में चोट लगने की वजह से चारों की जान चली गई।

### जानिए पूरा मामला

राहतपुर के ग्राम प्रधान मोहम्मद मुस्तफा ने बताया- सराय आलम के रहने वाले कारी इकबाल (75) मशहूर आलिम थे। वह राहतपुर खुर्द गांव के मदरसे के जलसे में खिताब करने (प्रवचन देने) गए थे। देर रात जलसा खत्म होने के बाद एक गांव के रहने वाले अशफाक (65), एहतेशाम (25) और सलाउद्दीन (26) कार से घर जाने के लिए निकले। उन्होंने कारी इकबाल को उनके घर छोड़ने के लिए पूछा और उन्हें भी कार में बिठा लिया।

पुलिस के मुताबिक, तीनों कारी को छोड़ने के लिए उनके घर सराय आलम जा रहे थे। गांव से 6 किमी पहले ही हरिद्वार रोड पर जालपुर के पास कार आगे चल रही डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसे के बाद गांव के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने 20 मिनट में शवों को बाहर निकाला।

# पंजाब के पूर्व आईजी ने खुद को गोली मारी

## अस्पताल में भर्ती, 12 पेज का सुसाइड नोट छोड़ा, लिखा- 8 करोड़ का ऑनलाइन फ्रॉड हुआ

**पटियाला/चंडीगढ़।** पंजाब के पटियाला में पूर्व इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस अमर सिंह चहल ने घर में खुद को गोली मार ली।

उन्होंने सुरक्षाकर्मी के रिवॉल्वर ली और गोली पेट में मारी। इसके बाद उन्हें तुरंत पटियाला के पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पूर्व आईपीएस अधिकारी चहल ने गोली मारने से पहले 12 पेज का सुसाइड नोट लिखा। इसे लास्ट अपील बताते हुए आईजी ने उनके साथ 8 करोड़ रुपए के ऑनलाइन फ्रॉड की



शिकायत की है। उन्होंने कुछ लोगों से पैसे उधार लिए थे। चहल ने आगे लिखा कि परिवार को सुरक्षा दी जाए। उन्होंने पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव से एसआईटी या सीबीआई से मामले की जांच करवाने की मांग की है। ये सुसाइड नोट उन्होंने अपने दोस्तों को भी भेजा।

जानकारी के मुताबिक घटना के वक्त उनका बेटा घर पर ही मौजूद था। अमर सिंह चहल आईजी पद से रिटायर होने के बाद पटियाला में रह रहे थे।

पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें तुरंत अमर सिंह चहल के घर पहुंच गईं।

# केंद्र सरकार ने इंडिगो के तुर्की वेट-लीज प्लान पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने इंडिगो एयरलाइंस को तुर्की से वेट-लीज पर लिए गए विमानों का संचालन मार्च 2026 तक ही करने की अनुमति दी है। यह अनुमति अंतिम है और आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इंडिगो को तुर्की से वेट-लीज पर लिए गए विमानों का संचालन करने की अनुमति दी गई है, लेकिन यह अनुमति मार्च 2026 तक ही वैध होगी।

### क्यों लिया गया यह फैसला?

भारत सरकार ने यह फैसला तुर्की के साथ बढ़ते तनाव और सुरक्षा चिंताओं के कारण लिया है। तुर्की की कंपनी सेलेवी को भारत में सुरक्षा





मंजूरी वापस ले ली गई थी, जिसके बाद इंडिगो को तुर्की से वेट-लीज पर लिए गए विमानों का संचालन करने की अनुमति दी गई थी।

### इंडिगो की स्थिति

इंडिगो ने तुर्की से वेट-लीज पर 15 विमान लिए हैं, जिनमें से 7 तुर्की की कंपनियों से हैं। इंडिगो को तुर्की से 5 एयरबस ए 320 विमान और लेने की अनुमति दी गई है, लेकिन ये विमान अभी तक सेवा में नहीं आए हैं।

वीजा सर्विस

## सुरक्षा का हवाला दिया; कहा- हादी हत्याकांड के आरोपी के भारत भागने की जानकारी नहीं

# बांग्लादेश हाई कमीशन ने भारत में वीजा सर्विस रोकी

**नई दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश हाई कमीशन ने भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने सभी वीजा और काउंसलर सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह रोक अगले आदेश तक लागू रहेगी। इससे पहले अगरतला में बांग्लादेश कॉन्सुलेट भी वीजा सर्विस पर रोक लगा चुका है। यह फैसला शनिवार को हाई कमीशन के बाहर हुए प्रदर्शन के बाद लिया गया।

दूसरी तरफ बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने भी यह साफ किया कि इस बात की कोई पुख्ता जानकारी नहीं है कि छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या के





आरोपी ने भारत में शरण ली है।

गृह मंत्रालय के आईजी रफीकुल इस्लाम ने बताया कि मुख्य आरोपी फैसल करीम मसूद के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हादी की मौत के बाद आरोपी के भारत में शरण लेने का दावा किया जा रहा था।

### रविवार को भारत ने भी चटगांव में वीजा सर्विस रोकी थी

रविवार को भारत ने सुरक्षा हालात को देखते हुए चटगांव स्थित अपने असिस्टेंट हाई कमीशन में वीजा सर्विसेज को बंद कर दिया था। यह फैसला भारत विरोधी प्रदर्शनों के बाद लिया गया था।

चटगांव में भीड़ ने गुरुवार को भारतीय असिस्टेंट हाई कमिश्नर के आवास के पास पहुंच गई और पथराव भी किया।

इसके अलावा खुलना, राजशाही और ढाका में भी भारतीय दफ्तरों के बाहर बड़े पैमाने पर भारत विरोधी नारे लगाए गए थे।

### 2 दिन पहले बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन हुआ

बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में शनिवार रात को दिल्ली में बांग्लादेश हाई-कमीशन के बाहर प्रदर्शन हुआ था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ किया कि यह प्रदर्शन बेहद छोटा और शांतिपूर्ण था। इससे बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था।

उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर बांग्लादेश के कुछ मीडिया संस्थानों में भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। हकीकत यह है कि प्रदर्शन में सिर्फ 20 से 25 युवा शामिल थे।

बांग्लादेश ने भारत के इस बयान को खारिज करते हुए कहा है कि स्थिति इससे कहीं ज्यादा गंभीर थी। ढाका ने कहा कि इस घटना को भ्रामक प्रचार कहना ठीक नहीं है।

# संपादकीय

## एसआईआर में मतदाता सूची से बाहर किए जाने वालों का भविष्य : चुनौतियां और समाधान


जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत के लोकतंत्र में मतदाता सूची केवल एक काग़ज़ी दस्तावेज़ नहीं, बल्कि नागरिकता के लोकतांत्रिक अधिकार की पहली सीढ़ी है। इसी सूची के ज़रिये नागरिक अपने प्रतिनिधि चुनते हैं और सत्ता को जवाबदेह बनाते हैं। ऐसे में जब विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) के तहत लाखों नाम मतदाता सूची से हटाए जाते हैं, तो यह सवाल स्वाभाविक है—

**क्या इन नागरिकों का लोकतांत्रिक भविष्य सुरक्षित है ?**

### एसआईआर क्या है और क्यों लागू किया गया?

SIR (Special Intensive Revision), Election Commission of India द्वारा चलाया गया एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है।

### इस प्रक्रिया में निम्न श्रेणियों के नाम हटाए जाते हैं—

- मृत मतदाता
- स्थानांतरित (Shifted)
- डुप्लीकेट
- लंबे समय से अनुपस्थित मतदाता

यह अभियान बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, लक्षद्वीप, पुडुचेरी जैसे राज्यों में लागू किया गया। 2025 में नवंबर–दिसंबर के दौरान घर–घर जाकर सत्यापन किया गया।

### उदाहरण के तौर पर

- पश्चिम बंगाल में लगभग 58 लाख नाम
- राजस्थान में 47 हज़ार से अधिक नाम

ड्राफ्ट सूची से हटाए गए।

### क्या नाम हटना स्थायी होता है?

नहीं।

यह सबसे महत्वपूर्ण तथ्य है।

एसआईआर के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाती है। इसके बाद 15–30 दिनों की दावा–आपत्ति अवधि दी जाती है।

### यदि किसी योग्य मतदाता का नाम हट गया है, तो वह—

- फॉर्म–6 भरकर
- पहचान व निवास प्रमाण देकर
- नाम दोबारा जुड़वा सकता है

### यह प्रक्रिया—

- voters.eci.gov.in
- या स्थानीय BLO (Booth Level Officer)

के माध्यम से पूरी की जा सकती है।

यदि दस्तावेज़ सही पाए जाते हैं, तो नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल कर लिया जाता है।

### असली चुनौती कहाँ है?

समस्या प्रक्रिया से ज़्यादा ज़मीनी हकीकत में है।

- प्रवासी मज़दूर सत्यापन के समय घर पर नहीं होते
- ग्रामीण इलाक़ों में सूचना का अभाव रहता है
- कई लोग ASD (Absent, Shifted, Dead) श्रेणी में डाल दिए जाते हैं
- समय पर अपील न करने पर अगला चुनाव छूट जाता है

यह केवल वोट का नुकसान नहीं, बल्कि राजनीतिक आवाज़ के खामोश हो जाने जैसा है।

### एनआरसी से तुलना और फैली आशंकाए

कुछ वर्ग एसआईआर को National Register of Citizens से जोड़कर देख रहे हैं, खासकर असम के अनुभव के कारण, जहाँ 19 लाख लोग एनआरसी से बाहर हो गए थे और उन्हें फ़ॉरेनर्स ट्रिब्यूनल का सामना करना पड़ा।

### लेकिन यहां एक स्पष्ट अंतर है—

एसआईआर नागरिकता नहीं, केवल मतदाता सूची से जुड़ा है।

चुनाव आयोग ने बार–बार स्पष्ट किया है कि

एसआईआर का नागरिकता से कोई संबंध नहीं है।

### नाम हटने के दूरगामी प्रभाव

हालाँकि कानूनी तौर पर नाम हटना अस्थायी है, लेकिन इसके सामाजिक और आर्थिक असर गहरे हो सकते हैं—

- वोटर आईडी न होने से कई सरकारी प्रक्रियाएँ कठिन
- सामाजिक पहचान पर असर
- अल्पसंख्यक और हाशिए के समुदायों में अविश्वास
- लोकतंत्र से कटाव की भावना

यह स्थिति लोकतंत्र के लिए ख़तरनाक संकेत है।

### समाधान क्या है?

**नागरिकों के लिए**

- नियमित रूप से अपनी मतदाता स्थिति जाँचें
- नाम हटे तो तुरंत दावा–आपत्ति दर्ज करें
- दस्तावेज़ अपडेट रखें

### चुनाव आयोग व सरकार के लिए

- प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना
- व्यापक जागरूकता अभियान
- बीएलओ की जवाबदेही तय करना
- किसी भी प्रकार के भेदभाव पर सख़्त निगरानी

### निष्कर्ष

एसआईआर का उद्देश्य लोकतंत्र को मज़बूत करना है, कमज़ोर करना नहीं।

लेकिन लोकतंत्र केवल सूचियों से नहीं, लोगों से चलता है।

यदि प्रक्रिया संवेदनशील, समावेशी और जवाबदेह नहीं होगी, तो मतदाता सूची की शुद्धता के नाम पर लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुँच सकती है।

### सही संतुलन यही है—


सूचियाँ भी साफ़ हों, और नागरिक भी बाहर न हों।

यही एक स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है।

---

23 दिसम्बर किसान दिवस पर विशेष

# किसानो के कल्याण के हिमायती थे चौधरी चरण सिंह



रमेश सर्राफ धमोरा

किसान राष्ट्र की जीवनधारा और अन्नदाता के रूप में सम्मानित भारत की समृद्धि की नींव हैं। उनका अथक परिश्रम देश का पेट भरता हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कायम रखता है और हर घर की ताकत सुनिश्चित करता है। राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर को मनाया जाता है जो किसानों के अमूल्य योगदान का उत ?सव मनाता है। यह दिन भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती है जो ग्रामीण मुद्दों की गहरी समझ और किसानों के कल्याण के लिए अटूट वकालत के लिए प्रसिद्ध हैं। यह हमारे किसानों के अटूट समर्पण का सम्मान करने और देश की प्रगति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने का क्षण है।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वो कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता।

चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के छोटे से गांव नूरपुर के एक किसान चौधरी मीरसिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।

चौधरी चरण सिंहको 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

किसानो में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरीचरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने।

उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुख: दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे।

उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे।

किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे।

चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है।

चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है।


भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत की 60 प्रतिशत जनता गांवों में रहती है। हमारी सम्पन्नता हमारे कृषि और किसानों पर निर्भर करती है। भारतीय किसान का सर्वत्र सम्मान होता है। ये दिन रात कड़ी मेहनत कर सम्पूर्ण भारतवासियों के लिए अन्न एवं सब्जियां उत्पन्न करता हैं। किसानों को कठिन परिश्रम के पश्चात भी बहुत कम लाभ होता है। किसानों को आज भी कई तरह के मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुये हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानो को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानो की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानो को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानो की आवाज बुलन्द कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिये देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा था। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था।

अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। चौधरी चरण सिंह जैसे किसानो के बड़े नेता द्वारा किसानो के हित में किये गये कार्यों को देखते हुये वर्षों पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते उनको वर्षों तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया। नरेन्द्र मोदी सरकार ने चौधरी चरण सिंह जैसे सच्चे बड़े व सच्चें किसान नेता को भारत रत्न प्रदान कर सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित की है। इससे देश के करोड़ों किसानों के साथ ही सरकार का भी सम्मान बढ़ा है।

---


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3748




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



**काकुरो - 3747 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

एक बार एक सेठ बीमार पड़ गया. उसकी हालत मरने की-सी हो गई. पूरा परिवार उसके चारों ओर एकत्र था. सेठ ने अपनी पत्नी को बुलाकर पूछा-'बड़ा लड़का कहां है ?'

'यहीं है !'

'मंझला ?'

'यहीं है.'

'और छोटा ?'

'यहीं है.'

'तो फिर क्या दुकान बन्द पड़ी है ?' सेठ ने चारपाई से उठते हुए पूछा.

□ □ □

एक जहाज का कप्तान डेक से फिसल कर समुद्र में गिर गया. एक नाविक ने अपनी जान हथेली पर रखकर उसे बचा लिया.

'मैं तुम्हें क्या इनाम दूं !'कप्तान ने पूछा.

'श्रीमान !' नाविक हाथ जोड़ते हुए बोला-'सबसे अच्छा इनाम तो यह होगा कि आप इस घटना का जिक्र किसी से न करें. वरना बाकी नाविक मुझे उठाकर समुद्र में फेंक देंगे.'

□ □ □

जज, कैदी से- 'तुम्हें कल फांसी दी जाएगी, तुम्हारी कोई आखिरी इच्छा है?'

कैदी-'जी हाँ.'

जज-'क्या?'

कैदी-'जी मेरी जगह आप फांसी पर लटक जाइये!'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3748



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम ?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 3747**



## सूडोकु -3748

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3747 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## शब्द पहेली - 3748



**बाएँ से दाएँ**

1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी -2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 3747 का हल**



# किसान महापंचायत : ज़मीन से लेकर अस्तित्व तक की जंग की चर्चा

## अब आर-पार की जंग की तैयारी



**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** जीरो पॉइंट सोमवार को किसानों के आक्रोश का केंद्र बन गया। भारतीय किसान यूनियन के आह्वान पर आयोजित किसान महापंचायत में हज़ारों की संख्या में किसान उमड़ पड़े। सरकार और प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसानों ने साफ कर दिया है कि अब वे आश्वासनों से मानने वाले नहीं हैं, वे अपना एक-एक हक लेकर रहेंगे।

ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेस के जीरो पॉइंट पर आज सिर्फ भीड़ नहीं, बल्कि किसानों का दशकों पुराना दर्द उमड़ा है। यह लड़ाई सिर्फ मुआवजे की नहीं, बल्कि उस अस्तित्व की है जिसे विकास की फाइलों में कहीं गुम कर दिया गया है।

महापंचायत जिन अहम मुद्दो पर चर्चा हुई उनमें किसानों की आबादी की समस्या का स्थायी समाधान, भूमि अधिग्रहण पर 64 प्रतिशत बढ़ा हुआ मुआवज़ा, अधिग्रहित ज़मीन के बदले 10 प्रतिशत विकसित भूमि का आवंटन, गांवों में शहरी तर्ज पर विकास और स्थानीय बेरोजगार युवाओं को सरकारी और निजी परियोजनाओं में प्राथमिकता प्रमुख थे।

किसान महापंचायत में पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि प्रशासन आबादी की परिभाषा को ठीक से समझने को तैयार नहीं है। किसान के लिए उसका घर सिर्फ चार दीवारें नहीं, बल्कि उसके घेर (बाड़े) भी हैं, जहाँ वह पशुपालन करता है। लेकिन सरकार इन घेर को आबादी में न मानकर किसानों को उनके अधिकार से वंचित कर रही है।

टिकैत ने अरावली की भौगोलिक स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अरावली राजस्थान की रेतीली हवाओं को रोकने वाली प्राकृतिक दीवार है। सरकार द्वारा 100 मीटर की कटिंग के आदेशों ने न केवल पर्यावरण बल्कि किसानों की रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा कर दिया है।

उन्होने इस बात को लेकर भारी जताया कि उनकी जमीनें लेकर बनाए गए प्रोजेक्ट्स (जैसे जेवर एयरपोर्ट) में स्थानीय युवाओं को पक्की नौकरी नहीं मिल रही।

सरकार अग्निवीर की तरह यहाँ भी ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दे रही है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में है।

### यह सरकार लुटेरों की सरकार है पूंजीवाद की सरकार है: टिकैत

उन्होंने अरावली वाले मुद्दे पर कहा कि इसमें कहा गया है कि 100 मीटर से जो भी नीचे होगी उसकी कटिंग होगी। उन्होंने कहा कि अरावली के पश्चिम साइड रेट के तिल हैं जब राजस्थान से रेतोड़कर आता है तो अरावली से है रुक जाता है। जिससे हमारे यहां पर शुद्ध हवा आती है। इसको लेकर भी आंदोलन होगा। जेवर एयरपोर्ट में नौकरी के नाम पर उन्होंने कहा कि जब यह लोग फौज को ही परमानेंट नहीं कर रहे तो अन्य लोगों को तो नौकरी जब देंगे। उन्होंने कहा कि अगर यहां के युवा काम नहीं करेंगे तो किसी और को नौकरी मिल जाएगी इसलिए भागते भूत की लंगोटी है पकड़ लो। उन्होंने कहा की यह महा पंचायत बड़े आंदोलन की तैयारी है किसने की लंबे समय से मांगे हैं लेकिन वह पूरी नहीं हो रही इसलिए किसान आंदोलन करने को मजबूर है।

महापंचायत में जेवर एयरपोर्ट परियोजना का मुद्दा भी गरमाया रहा। किसानों ने आरोप लगाया कि विस्थापन और पुनर्वास की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ियां हुई हैं।

कई परिवार आज भी दर-दर भटक रहे हैं, उन्हें न मुआवज़ा मिला और न ही रहने के लिए सही जगह. किसानो का कहना है कि हमने कई बार वार्ता की, लेकिन हर बार सिर्फ तारीखें मिलीं। अब आर-पार की जंग होगी। अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो प्रशासन बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे।

# मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## भाजपा सरकार पर महात्मा गांधी के नाम से डरने का आरोप




**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर तानाशाही और इतिहास मिटाने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ तीखी नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि मनरेगा गरीबों का हक है और इसका नाम बदलकर संघ की विचारधारा थोपने की साजिश की जा रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि वह गांधी जी के नाम और विचारों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार महात्मा गांधी के नाम से डरती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार योजनाओं के नाम बदलकर इतिहास को तोड़-मरोड़ना चाहती है। चोटीवाला ने मनरेगा को करोड़ों गरीब मजदूरों की जीवनरेखा बताया।

दीपक चोटीवाला ने आगे कहा कि मनरेगा का नाम बदलना केवल एक शब्द परिवर्तन नहीं, बल्कि गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला और संविधान विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पहले रोजगार खत्म करती है, फिर रोजगार की गारंटी देने वाली योजना का नाम बदलकर अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास कर रही है।

चोटीवाला ने इस लड़ाई को केवल नाम की नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और गांधीवादी मूल्यों को बचाने की लड़ाई बताया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन जिला मुख्यालय से शुरू हुआ है और भविष्य में सड़क से संसद तक गूंजेगा।

जिला अध्यक्ष दीपक चोटीवाला ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलने का फैसला वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी जनपद स्तर पर गांव-गांव, ब्लॉक-ब्लॉक सहित पूरे जिले में उग्र जन आंदोलन छेड़ेगी। इसका उद्देश्य भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करना होगा।

प्रदर्शन के उपरांत, उपजिलाधिकारी अनुराग सारस्वत के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में मनरेगा का नाम यथावत रखने और गरीब विरोधी फैसलों को तत्काल वापस लेने की मांग की गई।

# मनी ट्रांसफर दुकान से चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

## छत काटकर वारदात को दिया था अंजाम, 5 मोबाइल बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की थाना सूरजपुर पुलिस और सर्विलांस टीम ने मनी ट्रांसफर और मोबाइल फोन की दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने छत काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस ने इनके कब्जे से 5 मोबाइल फोन, चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त उपकरण और एक अवैध हथियार बरामद किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अलीगढ़ निवासी मोहित और फिरोजाबाद निवासी वरुण उर्फ भोला के रूप में हुई है। इन्हें ओयसिस सोसायटी के पास सड़क से पकड़ा गया। सूरजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मोहित और वरुण बंद पड़े घरों और दुकानों के ताले व खिड़कियां तोड़कर मोबाइल फोन और नकदी चोरी करते थे। करीब तीन दिन पहले उन्होंने ग्राम गुलिस्तानपुर में एक दुकान की छत की पट्टियां हथौड़े और छैनी से उखाड़कर अंदर घुसकर दो मोबाइल फोन और 6000 रुपये चुराए थे। इस सूचना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और घटना का खुलासा किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 4 मोबाइल फोन, 900 रुपये और घटना में प्रयुक्त छैनी व हथौड़ा बरामद किया गया है।

इसके अलावा, करीब तीन माह पहले कस्बा सूरजपुर से एक कमरे से चुराया गया एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।

# ग्रेटर नोएडा में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कार को मारी टक्कर

## एक युवक गंभीर रूप से घायल, चालक पर केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने रविवार देर शाम तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह गांव रौनीजा के पास हुई। रौनीजा गांव निवासी देव प्रकाश का पौत्र विशाल अपनी स्विफ्ट कार से नोएडा जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव से थोड़ा आगे रॉन्ग साइड से आ रहे एक बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल विशाल को तुरंत ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने देव प्रकाश की तहरीर पर आरोपी चालक साजिद, निवासी गांव सिरौली बांगर, के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# जेवर एयरपोर्ट विस्थापित युवाओं ने की स्थायी रोजगार की मांग

## रनहेरा में बैठक कर प्रशासन से जल्द समाधान की अपेक्षा जताई



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परियोजना से विस्थापित हुए गांवों के युवाओं ने स्थायी रोजगार की मांग फिर उठाई है। सोमवार को गांव रनहेरा में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जेवर एयरपोर्ट में स्थायी नौकरी दिए जाने पर विस्तार से चर्चा हुई। युवाओं ने एकजुट होकर अपनी मांगों को दोहराया और प्रशासन से जल्द समाधान की अपेक्षा जताई।

इस बैठक में भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह और भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता योगेंद्र सिंह छोकर भी मौजूद रहे।

दोनों नेताओं ने युवाओं की समस्याओं को गंभीर बताया और उनके हक की लड़ाई में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। मास्टर श्यौराज सिंह ने जोर देकर कहा कि जिन परिवारों ने एयरपोर्ट निर्माण के लिए अपनी जमीन दी है, उनके युवाओं को रोजगार देना सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी की जिम्मेदारी है।

बताया गया कि ये वे युवा हैं जिनके परिवारों ने मुआवजे के रूप में पांच लाख रुपये लेने के बजाय जेवर एयरपोर्ट में स्थायी नौकरी का विकल्प चुना था। उस समय प्रशासन ने रोजगार का भरोसा दिया था, लेकिन वर्षों बाद भी युवाओं को नौकरी नहीं मिल पाई है। इससे युवाओं में निराशा और आक्रोश बढ़ रहा है।

बैठक में उपस्थित युवाओं ने कहा कि वे लगातार जेवर एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों की ओर देख रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

युवाओं ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

अंत में, सभी ने एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और प्रशासन से शीघ्र वार्ता कर स्थायी समाधान निकालने की अपील की।

# सोसाइटी की सर्विस रोड पर पार्किंग के विरोध में प्रदर्शन किया

*नोएडा* /सेक्टर-62 स्थित शताब्दी रेल विहार की सर्विस रोड के पास पार्किंग के विरोध में लोगों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। सोसाइटी के लोगों का आरोप है कि इस स्थान को प्राधिकरण ने पार्किंग स्थल के रूप में पट्टे पर दे दिया है, जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम करीब साढ़े पांच बजे सोसाइटी के लोगों ने सर्विस रोड के पास प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हुईं। प्रदर्शन करने वाले लोगों ने हाथ में पोस्टर लिए थे, जिसपर सोसाइटी के पास पार्किंग हटाए जाने की बात लिखी हुई थी। सोसाइटी के अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा और कोषाध्यक्ष आरडी चौधरी ने बताया कि शताब्दी रेल विहार और फोर्टिस अस्पताल के पास बने पैदल मार्ग से प्रत्येक दिन काफी संख्या में लोग आते जाते हैं, लेकिन उस स्थान को प्राधिकरण ने अस्पताल को पार्किंग के लिए दे दिया है। इससे लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और शाम को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है, क्योंकि इस दौरान सर्विस रोड पर वाहनों की संख्या काफी अधिक होती है। इस स्थिति के कारण नियमित रूप से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस मामले को लेकर प्राधिकरण के सीईओ और एसीईओ से मुलाकात की है, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया। स्थानीय सांसद से भी मुलाकात की है, उन्होंने प्राधिकरण को पत्र लिखा है।

### जगत फार्म के व्यापारियों के साथ बैठक

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी गौरव बघेल और उनकी टीम ने जगत फार्म मार्केट में सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापारियों के साथ बैठक की। मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने बताया कि मार्केट में पिछले कुछ समय से दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने से कूड़े को उठाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसके चलते दुकानदारों और अधिकारियों ने आपस में मिलकर इसका हल निकाला। प्राधिकरण की कूड़े उठाने वाली गाड़ी सुबह और रात बताए गए समय अनुसार आकर मार्केट से कूड़ा उठाया करेगी। इस मौके पर चाचा हिंदुस्तानी, सुकेंद्र यादव, राजीव बैसला, मुकुल गोयल, रोहताश भाटी, गुरचरण सिंह, शुभम गोयल मोहित सिंघल, तरंग तायल, मुकेश कुमार, धर्मपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में रैन बसेरों की व्यवस्था परखी

## नगर आयुक्त बोले- राहगीर सड़क किनारे सर्दी में रात न काटें

**गाजियाबाद।** सर्दी से बचाव के लिए गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निगम की ओर से की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निराश्रितों व राहगीरों के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखकर स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

वसुंधरा जोन अंतर्गत कौशांबी क्षेत्र में स्थित स्थाई रैन बसेरे, पुराना बस अड्डा स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया।

इसमें मौके पर अलाव का जलता हुआ पाया गया। साफ-सफाई की व्यवस्था को भी देखा गया।

मौके पर रैन बसेरे में आए हुए आश्रितों से बातचीत करते हुए उनका हालचाल भी जाना गया। साथ ही आधार कार्ड चेक करते हुए उपस्थित टीम को सुरक्षा व स्वच्छता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। मौके पर वसुंधरा जोनल प्रभारी एसके राय, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अशोक, जोनल प्रभारी सिटी जोन आरपी सिंह उपस्थित रहे।

बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर आयुक्त ने हीटर की व्यवस्था की तैयारी करने के लिए भी निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने रात में निरीक्षण के दौरान बस अड्डा व रेलवे स्टेशन का भी दौरा किया।

### हत्या के आरोपी को जमानत नहीं मिली

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने दनकौर थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में आरोपी सन्नी की जमानत याचिका खारिज कर दी। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने उनके बेटे विशाल की 12 मई 2025 को गोली मारकर हत्या की थी। विशाल मंडी श्याम नगर से फल लेकर लौट रहा था। मधुवन एन्क्लेव गेट के अंदर पहुंचते ही बाइक सवार सन्नी और अन्य ने उस पर गोली चलाई। विशाल को गंभीर हालत में यथार्थ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बचाव पक्ष ने कहा कि सह-आरोपी विपिन और राहुल को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है, इसलिए सन्नी भी जमानत का हकदार है। अदालत ने माना कि आरोप की गंभीरता, घटनास्थल का पूरा ब्योरा और एफआईआर में अंकित विवरण आरोपी की प्रथम दृष्टया संलिप्तता दर्शाते हैं।

# इलाज के दौरान मरीजों के साथ डॉक्टरों की बातचीत अहम

**नोएडा।** इलाज के दौरान मरीजों के साथ डॉक्टरों की संचार प्रक्रिया काफी अहम है। इससे मरीज के इलाज को बेहतर बनाने के साथ ही कई फायदे होंगे।

ये बातें सोमवार को बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान में आयोजित फोरम 2025 में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कही। बाल चिकित्सालय के पीडियाट्रिक हेमेटोलॉजी ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर, नर्स, मनोवैज्ञानिक, मरीज के वकील, सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

सेमिनार में मरीजों की देखभाल के मानवीय आयामों के बारे में डॉक्टरों ने चर्चा की। इस दौरान मरीजों की बीमारी और इलाज के बारे में डॉक्टरों के संचार, दर्द प्रबंधन आदि पर जोर दिया गया।

इलाज के दौरान संचार के महत्व पर बोलते हुए यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रिंसिपल डॉ. धीरज शाह ने कहा कि मरीज को बुरी खबर देना सिर्फ एक बातचीत नहीं है बल्कि एक प्रक्रिया है। हम कैसे बोलते हैं। सुनते हैं और प्रतिक्रिया देते हैं।

यह मरीज और उनके तीमारदारों को विश्वास को आकार देता है। इस तरह की बातचीत या संचार प्रक्रिया बीमारी के बहुत दिनों के बाद भी परिवार की यादों में रहती है। मरीजों के साथ डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के संचार की महत्ता पर डॉ. डीके सिंह, डॉ. अरविंद गर्ग, डॉ. ऋचा मोहा, डॉ. रश्मि पांडे, संदीप कुमार और अर्का अत्री ने चर्चा की। डॉक्टरों ने भाषा, मरीजों की परेशानी सुनना, सहानुभूति, विश्वास आदि का मरीजों के इलाज पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया।

बच्चों के कैंसर रोग विभाग की प्रमुख डॉ. नीता राधाकृष्णन ने कहा कि बेहतर देखभाल जीवन के अंतिम क्षणों तक ही सीमित नहीं है। यह निदान से शुरू होती है, उपचार के दौरान जारी रहती है।

बाल चिकित्सालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनुज सिंह ने भी विषय पर जानकारी दी।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा कॉलेज में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में स्थित बिहारीलाल इंटर कॉलेज में सोमवार को तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन भौतिक प्रवक्ता कृष्ण कुमार कटियार ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में कृष्ण ने पहला स्थान हासिल किया। सीनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ राजीव ने जीती, जबकि सीनियर बालिका वर्ग में शिवानी प्रथम रहीं। इसके अतिरिक्त, 1500 मीटर दौड़ में तनिष कुमार ने बाजी मारी। सीनियर बालक वर्ग की लंबी कूद में 12वीं कक्षा के छात्र राजीव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य महकार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। उन्होंने बताया कि ये प्रतियोगिताएं छात्रों को प्रतिभाशाली बनाती हैं और उनमें भाईचारे व एकता की भावना का विकास करती हैं।

## युवक पर हमले का आरोप, अस्पताल में हालत गंभीर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने युवक के साथ गए एक परिचित पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सोमवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगला जाहनू गांव निवासी रवि कुमार ने रबूपुरा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार शाम को गांव का ही अजय कुमार उनके भाई मनोज को लाइसेंस बनवाने की बात कहकर घर से ले गया था। शिकायत के अनुसार, लगभग एक घंटे बाद अजय ने रवि को फोन पर सूचना दी कि मनोज का रबूपुरा क्षेत्र के चक वीरमपुर गांव के पास एक्सीडेंट हो गया है। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और मनोज को गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि मनोज के सिर की हड्डी टूट गई है और उसका ऑपरेशन किया गया है। फिलहाल, घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि अजय ने पुरानी रंजिश के चलते मनोज को जंगल में ले जाकर जान से मारने की नीयत से मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

## पसंदीदा गाना न बजने पर बारकर्मियों से मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर-38 स्थित गार्डन गैलेरिया के अंदर बार के कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। बताया जा रहा है कि कंपनियों के दो कर्मचारी ने पसंदीदा गाना न बजने पर शराब के नशे में घटना को अंजाम दिया। बार के मैनेजर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी नवीन कुमार ने बताया कि वह सेक्टर-38 स्थित गार्डन गैलरिया के लोकल बार एवं क्लब में मैनेजर हैं। मुजफ्फरनगर निवासी विक्रांत सिंह और दिल्ली के न्यू अशोकनगर निवासी अमर सिंह रविवार रात बार में पार्टी करने आए। दोनों कंपनी के कर्मचारी हैं ।कंपनी के अन्य लोग भी पार्टी में शामिल थे। रात करीब साढ़े बारह बजे विक्रांत और अमर ने मनपसंद गाना बजाने के लिए डीजे नीतिश से कहा। जरा सी देरी होने पर दोनों डीजे के साथ बदसलूकी करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने बार एवं क्लब के मैनेजर समेत अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट की। राजनीतिक पहुंच बताकर आरोपियों ने मैनेजर को जान से मारने की धमकी भी दी। बार में बैठे अन्य लोगों ने भी आरोपियों को हंगामा करने से मना किया पर वे नहीं माने। करीब 40 मिनट तक आरोपी हंगामा करते रहे। उनके द्वारा म्यूजिक कंट्रोलर भी तोड़ दिया गया।

## स्कूलों में चारदीवारी के लिए रकम मिली

नोएडा। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत जिले के दो माध्यमिक विद्यालयों को संवारने के लिए शासन ने दूसरे चरण में 55 लाख रुपये जारी किए हैं। इस रकम से विद्यालयों की चारदीवारी का निर्माण कार्य पूरा हो सकेगा। शासन ने बजट के सही प्रयोग न करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में शासन को जीजीआईसी चीती और सरकारी हाईस्कूल सलेमपुर गुर्जर की चारदीवारी का निर्माण कराने के लिए एक करोड़ 10 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद शासन ने 55 लाख रुपये पहली किस्त के रूप में जारी कर दिए थे ।जिसका उपभोग होने के बाद दूसरी/अंतिम किस्त के रूप में शासन से 55 लाख रुपये भेजे हैं ।विभाग के विशेष सचिव ने दूसरी किस्त स्वीकृत करते हुए निर्देश दिया है कि कार्यदायी संस्था को बजट जारी करें।

## फ्लैट के फर्जी कागजात दिखाकर दस लाख ठगे

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक से फ्लैट के फर्जी कागजात दिखाकर 10 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने साथी के साथ मिलकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। सेक्टर जीटा-वन निवासी दीपक चौहान से सेक्टर-37 निवासी बिशन सिंह ने ओमिक्रान स्थित अपना फ्लैट बेचने के कहा था। 20 जुलाई 2025 को दोनों के बीच 13.75 लाख रुपये में सौदा तय कर एग्रीमेंट किया गया। पीड़ित ने अलग-अलग तारीख में करीब 10 लाख रुपये दिए ।वहीं, रजिस्ट्री कराने को कहा तो टालमटोल करते रहा। गड़बड़ी की आशंका पर दीपक ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि बिशन सिंह के नाम से कोई फ्लैट या संपत्ति नहीं है। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे। आरोपी ने रुपये देने से मना कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर दीपक को पीटकर घायल कर दिया।

## तीन माह में 200 से अधिक ओवरलोड वाहन पकड़े

**नोएडा।** जिले में लगातार कार्रवाई के बाद भी ओवडलोड वाहनों की संख्या में कमी नहीं हो रही। परिवहन विभाग ने तीन माह में 200 से अधिक वाहन क्षमता से ज्यादा सामान ढोने पर पकड़े हैं। इसमें अधिकतर हरियाणा और राजस्थान में पंजीकृत वाहन शामिल हैं। परिवहन विभाग के मुताबिक अक्तूबर में 105 ओवरलोड वाहन पकड़े गए थे, इनमें से 78 जब्त किए। नवंबर में 129 वाहनों के चालान किए और 76 गाड़ियों को जब्त किया। दिसंबर में अब तक 50 से अधिक ओवरलोड गाड़ियां पकड़ी गई हैं। तीनों माह में कुल मिलाकर लगभग एक करोड़ रुपये जुर्माना लगाया गया है ।एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि जो वाहन गौतमबुद्ध नगर में पंजीकृत थे, उनके चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिए गए थे। वहीं, अन्य जिलों और राज्यों में पंजीकृत वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की संस्तुति संबंधित क्षेत्रों के परिवहन अधिकारियों को भेजी गई थी।

## दहेज हत्या मामले में पति को राहत नहीं मिली

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने दहेज प्रताड़ना और पत्नी को आत्महत्या के उकसाने के मामले में आरोपी पति सोमेश यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामला नोएडा के सेक्टर-113 थाने का है। पीड़ित रामअवतार ने अपनी पुत्री शिवानी की संदिग्ध हालात में मौत को दहेज हत्या बताते हुए दामाद सोमेश समेत बेटी के ससुर, सास, ननद, जेठ एवं अन्य पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगाया था। रामअवतार ने बताया कि शिवानी का विवाह एक जून 2020 को हिंदू रीति से बुलंदशहर निवासी सोमेश से हुआ था। विवाह में 20 लाख रुपये खर्च किए जाने के बावजूद ससुराल पक्ष बुलेट बाइक की अतिरिक्त मांग पर अड़े रहे ।शिवानी अपने पति के साथ नोएडा के सर्फाबाद में किराए पर रहती थी। 16 अप्रैल 2025 को सूचना मिली कि उसकी बेटी ने फंदा लगा लिया है। परिवार अस्पताल पहुंचा तो शिवानी मृत अवस्था में मिली। आरोपी के अधिवक्ता ने कहा कि मृतका माइग्रेन की मरीज थी। बार-बार उपचार कराया गया, दर्द से परेशान होकर उसने आत्महत्या की। वहीं अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी की जमानत देने से मना कर दिया।

# बाथरूम में दंपती की संदिग्ध मौत

## दरवाजा अंदर से बंद, फॉरेंसिक जांच के बाद शव पोस्टमॉर्टम को भेजे गए

▸ गीजर से गैस रिसाव बना मौत की वजह होने की आशंका

**पीलीभीत।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुरुकुलपुरम में रविवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां किराये के मकान के बाथरूम में पति-पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दोनों के शव बाथरूम के भीतर पड़े मिले, जबकि दरवाजा अंदर से बंद था। प्रारंभिक जांच में गीजर से गैस रिसाव के कारण दम घुटने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई।

मृतकों की पहचान हरजिंदर सिंह (42 वर्ष) और उनकी पत्नी रेनू सक्सेना (40 वर्ष) के रूप में हुई है। हरजिंदर सिंह डीआरडीए कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। दंपती पिछले कुछ समय से गुरुकुलपुरम मोहल्ले में किराये के मकान में रह रहे थे। बताया गया है कि दोनों की शादी करीब पांच वर्ष पहले हुई थी।

### पड़ोसियों को हुई अनहोनी की आशंका

रविवार शाम पड़ोस की एक महिला ने देखा कि दंपती के घर की छत पर कपड़े पड़े हुए हैं, लेकिन काफी देर तक कोई हलचल नहीं दिखी।

इस पर उसने पहले रेनू सक्सेना के मोबाइल फोन पर कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद हरजिंदर सिंह के फोन पर भी संपर्क किया गया, पर कॉल रिसीव नहीं हुई। लगातार फोन न उठने पर पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई और इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

### दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची पुलिस

सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर का दृश्य देख पुलिसकर्मी भी स्तब्ध रह गए। बाथरूम में पति-पत्नी मृत अवस्था में पड़े थे। पुलिस के अनुसार, हरजिंदर सिंह पूरे कपड़े और जूते पहने हुए थे, जबकि उनकी पत्नी रेनू नग्न अवस्था में थीं। बाथरूम के अंदर गीजर और गैस सिलेंडर लगे हुए पाए गए, जिससे गैस रिसाव की आशंका और गहराई।

### पत्नी के हाथ में था फ्रैक्चर

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि रेनू सक्सेना के बाएं हाथ में फ्रैक्चर था, जिस पर प्लास्टर चढ़ा हुआ था।

इसी आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि हरजिंदर सिंह अपनी पत्नी को नहला रहे थे। इसी दौरान बाथरूम में लगे गीजर से गैस रिसाव हुआ और बंद जगह होने के कारण दोनों का दम घुट गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे

घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया और क्षेत्राधिकारी सिटी दीपक चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने बाथरूम और गीजर की बारीकी से जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला गीजर से गैस रिसाव के कारण दम घुटने से मौत का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल किसी भी अन्य पहलू से इनकार नहीं किया जा सकता।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद मोहल्ले में शोक का माहौल है और पड़ोसी भी इस हादसे से गहरे सदमे में हैं।

यह घटना एक बार फिर बंद बाथरूम में गैस गीजर के इस्तेमाल से जुड़े खतरों की ओर इशारा करती है, जिस पर सतर्कता और जागरूकता बेहद जरूरी है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कार टकराई, बाप-बेटे समेत 3 की मौत

## 26 जिले शिमला से ठंडे, 40 शहरों में घना कोहरा, 100 ट्रेनें लेट



**उत्तर प्रदेश।** यूपी में शीतलहर और कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। पहाड़ों पर बर्फबारी की वजह से पारा तेजी से गिर रहा है। प्रदेश में नैनीताल (6)-शिमला (11) से भी ज्यादा ठंड पड़ रही है। यूपी के 26 जिले शिमला से ज्यादा ठंडे हैं।

24 घंटे के न्यूनतम तापमान की बात करें तो बाराबंकी 4.5 के साथ सबसे ठंडा रहा। इटावा में पारा 6.4, शाहजहांपुर 6.5 , कानपुर और बुलंदशहर में 7 रिकॉर्ड किया गया। सोमवार सुबह लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर सहित 40 जिलों में घना कोहरा छाया है।

कई जगह विजिबिलिटी 10 मीटर तक पहुंच गई है। ज्यादातर जगहों पर सड़कों पर सन्नाटा छाया है। लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज और इटावा समेत तमाम रेलवे स्टेशनों पर 100 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कानपुर-काशी समेत कई एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स भी तय समय से देरी से उड़ान भर रही हैं।

**कोहरे के चलते दो हादसे हुए हैं। इसमें 5 की जान चली गई है। 12 लोग घायल हुए हैं।**

सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते खड़े ट्रक में अर्टिगा कार जा घुसी। हादसे में बाप-बेटे समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 घायल हैं।

कानपुर में रविवार देर रात घने कोहरे के कारण दो बाइकों में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दो किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए।

# कुत्ते की तरह भौंकने लगा युवक, काटने दौड़ा

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में एक युवक को आवारा कुत्ते ने काट लिया। करीब 5-6 घंटे बाद युवक ऐसी हरकतें करने लगा, जिसे देखकर लोगों की हालत खराब हो गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कोई उस युवक के पास जाने की हिम्मत नहीं कर रहा था। युवक कुत्तों जैसी हरकतें कर रहा था। जीभ बाहर निकालकर वो लोगों को काटने के लिए दौड़ पड़ रहा था। थोड़ी देर बाद कुछ लोगों ने उस युवक को जानवरों की तरह पकड़ा और जबरन चारपाई से बांध दिया। हालत स्थिति गंभीर होने पर युवक के घरवाले उसे खैर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां पहुंचते-पहुंचते वह कुत्तों की तरह भौंकने भी लगा। डॉक्टरों ने युवक की नाजुक हालत देखते हुए दिल्ली के हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया। मामला खैर तहसील के उटवारा गांव का है।

## कानपुर में 5 कुत्तों को उम्रकैद

**कानपुर।** कानपुर में अब 5 कुत्ते कैद में रहेंगे। इसमें सिर्फ स्ट्रीट डॉग्स ही नहीं, बल्कि ऐसे पालतू कुत्ते भी शामिल हैं। जो लोगों के लिए जानलेवा साबित हुए हैं। दरअसल, शहर में कुत्तों के काटने के मामले लगातार सामने आने के बाद नगर निगम ये बड़ा कदम उठाया है। आमजनों को कुत्तों के हमले से बचाने और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन में जिले भर में अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में यह अभियान चल रहा है। वहीं अगर कोई कुत्ते को गोद लेना है तो वह लिखित में हलफनामा देना होगा। कुत्ते के शरीर में एक माइक्रोचिप लगाई जाएगी, ताकि भविष्य में उसकी हर हरकत पर प्रशासन की नजर रहे। नगर निगम को कंट्रोल रूम के जरिए शिकायत मिली थी कि कुछ आवारा कुत्ते लगातार लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। जिसके बाद नगर निगम की कैटल कैटिंग टीम ने 5 कुत्तों को पकड़ लिया। इन्हें एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर में रखा गया है। अब इन कुत्तों की नसबंदी कराई जाएगी। इन कुत्तों को हमेशा के लिए एबीसी सेंटर में ही अधिकारियों व टीम की देखरेख में रखा जाएगा। जिससे कि यह दोबारा किसी पर हमला न करें। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो टीम उस कुत्ते को भी पकड़कर उसकी निगरानी करेगी। एक बार काटने वाले कुत्ते को एबीसी सेंटर लाया जाएगा। 10 दिन तक सेंटर में रखकर उसकी निगरानी की जाएगी।

# मिशन शक्ति-5 के तहत महिला सशक्तिकरण अभियान

## थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक



**पीलीभीत।** जनपद में मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण को लेकर पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा केंद्र टीमों ने भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी।

थाना सुनगढ़ी, थाना हजारा, थाना बिलसंडा, थाना अमरिया, महिला थाना, थाना करेली एवं थाना गजरौला क्षेत्रों में महिला सुरक्षा केंद्र की टीमों ने अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधी कानूनों की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान टीमों ने महिलाओं से संवाद कर उन्हें बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में वे तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति-5 का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर व जागरूक बनाना है।

पुलिस का कहना है कि यह जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और निर्भीक होकर समाज में आगे बढ़ सकें।

# पीलीभीत में गन्ना क्रय केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण, व्यवस्थाएं पाई गईं संतोषजनक



**पीलीभीत।** सहायक चीनी आयुक्त बरेली नेहा त्रिवेदी एवं जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत खुशी राम भार्गव द्वारा जनपद पीलीभीत स्थित बरखेड़ा चीनी मिल गेट तथा एल.एच. चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र गजरौला द्वितीय और आमदार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य गन्ना खरीद, तौल एवं यातायात व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने को सुनिश्चित करना रहा।

निरीक्षण के दौरान सभी क्रय केंद्रों एवं मिल गेट पर लगे इलेक्ट्रॉनिक कांटे सही पाए गए और वे मानकों के अनुरूप कार्य करते मिले। गन्ना यातायात व्यवस्था भी सुव्यवस्थित रही तथा वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा नहीं पाई गई।

अधिकारियों ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि गन्ना तौल एवं यातायात से संबंधित कोई समस्या नहीं है और कार्य संतोषजनक ढंग से किया जा रहा है।

बरखेड़ा चीनी मिल गेट पर सातवें पक्ष के ग्यारहवें कॉलम की पर्चियों के अनुसार गन्ने की तौल की जा रही थी, जो नियमानुसार पाई गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गन्ना खरीद प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने और किसानों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा, सचिव बीसलपुर, खांडसारी निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गन्ना किसानों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण विभाग की प्राथमिकता है और इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## पत्नी ने लवर के साथ मिलकर पति को मार डाला

**दुबग्गा।** लखनऊ में पत्नी ने लवर के साथ मिलकर पति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। युवक की पहचान 30 वर्षीय शिव प्रकाश के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक की पत्नी, उसके प्रेमी और उसकी बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना शनिवार आधी रात पारा थाना क्षेत्र के पूर्वीदीन खेड़ा में हुई। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के भदेसरमऊ के रहने वाले शिव प्रकाश पूर्वीदीन खेड़ा में पत्नी के साथ रहते थे। उनके पिता शिवदीन ने बताया- बेटे शिव प्रकाश की पत्नी सविता का पड़ोसी सतीश से अवैध संबंध है। उसने मेरे बेटे की हत्या कराई है। इसमें उसकी बहन कविता ने भी साथ दिया है। वहीं, सविता ने कहा- सतीश ने पति की हत्या की है। बीच-बचाव के दौरान मुझे भी पीटा है। पुलिस ने सतीश को गिरफ्तार कर लिया है।

# जागरुकता कार्यक्रम में साइबर अपराध से बचने दी जानकारी

**ललितपुर।** जखौरा पुलिस ने चलाया साइबर जागरुकता अभियान। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के साइबर क्राइम सेल थाना जखौरा पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जनता के लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया ।

जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई।

डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।

किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें ।

कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें ।

सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें ।

# बाल श्रम व बाल विवाह की रोकथाम को किया जागरूक



**ललितपुर।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे अखिल भारतीय बाल बचाव एव पुनर्वास किशोर श्रम उन्मूलन रोकथाम व बाल भिक्षावृत्ति अभियान। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी कालू सिंह के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिग जनपद ललितपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर थाना ए0एच0टी0, उ0नि0 मंसूर अंसारी मय हमराह म0कां0 कल्पना बाजपेयी संयुक्त टीम द्वारा की गई रैकी व सुरागरसी पतारसी के आधार पर बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान तथा मानव तस्करी रोकथाम के सबंध में रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, चौकाबाग, सरकारी अस्पताल, होटल, ढाबा आदि स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया ।

# मिशन शक्ति : नारी सुरक्षा को लेकर ललितपुर पुलिस मैदान में : हर बेटी तक पहुंचा सुरक्षा का संदेश, स्कूल, कॉलेज, बाजार—हर जगह पहुंची पुलिस की टीम

### सुरक्षा का विश्वास, पुलिस का प्रयास—मिशन शक्ति



**ललितपुर ।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

112 - आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 - महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 - महिला हेल्पलाइन 1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन। टीम ने उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी।

अंत में स्पष्ट संदेश दिया गया कि। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि हर महिला स्वयं को सुरक्षित, जागरूक और सशक्त महसूस कर सके।

# शार्ट न्यूज

## गुम हुए मोबाइल मिलने से लोगों के चेहरे खिले



**ललितपुर ।** कोतवाली पुलिस ने खोये हुए छीने गए और गुमशुदा मोबाइलों की लगातार ट्रैकिंग के बाद 12 फोन बरामद किए हैं। इनकी कुल कीमत 95 हजार रुपये से अधिक है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली ललितपुर पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। कोतवाली ललितपुर की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्षलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 12 गिरे हुए/ खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया ।

## संभल में रेपिस्ट को हाथ-पैर बांधकर पीटा

**संभल।** संभल में घर में घुसकर एक महिला के साथ युवक ने रेप किया। विरोध करने पर उसका मुंह दबा दिया। जान से मारने की धमकी दी। शोर होने पर घरवाले मौके पर पहुंच गए। उन लोगों ने युवक के हाथ-पैर बांधकर उसे जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई की और लात-घूसे मारे। फिर उसे छोड़ दिया। अगले दिन महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ रेप की रिपोर्ट दर्ज की गई। घटना 19 दिसंबर की है। लेकिन, मारपीट का वीडियो रविवार को सामने आया। मामला थाना ऐंचौड़ा कम्बोह क्षेत्र का है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया- 19 दिसंबर की रात 12 बजे पड़ोसी हरपाल सिंह का बेटा नितिन घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुस आया। मैंने विरोध किया तो मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी दी। मेरे साथ रेप किया। शोर सुनकर मेरे घरवाले और आसपास के लोग आ गए। उन लोगों ने नितिन को पकड़ लिया। हाथ-पैर बांधकर जमीन पर गिरा दिया। फिर उसे लात-घूसों से पीटा। इसके बाद उसे छोड़ दिया। करीब 2 घंटे तक हंगामा चलता रहा।

## लखनऊ में कक्षा-9 की छात्रा से गैंगरेप

**लखनऊ।** लखनऊ के मोहनलालगंज इलाके में कक्षा-9 की छात्रा के साथ गैंगरेप हुआ। इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर ऑटो चालक ने छात्रा को फंसाया। शादी का झांसा देकर भगा ले गया। उसके बाद दो दोस्तों को बुलाकर गैंगरेप किया। पुलिस ने एक माह बाद छात्रा को बरामद कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी फरार है। 13 साल की छात्रा मोहनलालगंज इलाके में रहती है। हजरतगंज के 25 तिलकमार्ग पर रहने वाला रोहित उर्फ सोहित मड़ियांव के कृष्ण लोक कॉलोनी, फैजुल्लागंज में रहकर ऑटो चलाता था। वह शादीशुदा है। उसने इंस्टाग्राम पर छात्रा से दोस्ती की। उसे शादी का झांसा दिया। किशोरी 14 नवम्बर को स्कूल से घर जाने के लिए टेम्पो से निकली, लेकिन घर नहीं पहुंची। आरोपी युवक ने छात्रा को बहाने से तेलीबाग बुलाया और चिनहट क्षेत्र के एक होटल में ले गया। वहां उसने छात्रा के साथ रेप किया। दो-तीन दिन छात्रा को होटल में ही रखा और रेप करता रहा। उसके दोस्त मनीष रस्तोगी और रितिक ने भी छात्रा के साथ रेप किया। मनीष मूल रूप से बाराबंकी जिले के सरवगी घंटाघर का रहने वाला है। वर्तमान में अशरफ विहार, चिनहट में किराए के मकान में रहता था।

## भाभी से अवैध संबंध में पत्नी की हत्या

**बरेली।** बरेली में महिला का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। मायके वालों का आरोप है कि पिता रविवार को बेटी को ससुराल छोड़कर गए। उसी रात पति ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पति आए दिन दहेज में अर्टिगा कार की मांग करता था। महिला की मां ने बताया- मेरी बिटिया शिवानी की दो साल की बच्ची है। उसके पैदा होने के बाद से दामाद का उसकी भाभी से अवैध संबंध भी चल रहा था। मेरी बेटी ने कुछ दिन पहले ही इस बारे में मुझे बताया था। मेरी बेटी की मौत की ये भी वजह है। घटना की सूचना मिलते ही बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने पति और ससुर के खिलाफ स्न्ढ्ढक्रदर्ज कर ली है। उन दोनों को हिरासत में ले लिया गया है। बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र के दोहरा गौटिया में रहने वाले राजेंद्र प्रसाद शर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं। इनके बेटे सोनू उर्फ ब्रज किशोर शर्मा की शादी 4 साल पहले शिवानी शर्मा (27) से हुई थी। दोनों की एक 2 साल की बेटी भी है। शिवानी का शव सोमवार को ससुराल में मिला। सुभाषनगर के शांति बिहार में रहने वाले शिवानी के पिता मुनीश शर्मा ने बताया कि 4 साल पहले मैंने अपनी बेटी की शादी बड़े धूमधाम से की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे।

## हत्यारोपी का पेड़ से लटका मिला शव

**कन्नौज।** कन्नौज में चार दिन पहले जिस युवक पर मिक्सर मशीन चलाने वाले व्यक्ति की हत्या का आरोप लगा था। उसी युवक का शव सोमवार शाम पेड़ की टहनी से फांसी के फंदे पर लटका मिला। शव की स्थिति संदिग्ध होने के कारण परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या का आरोप लगाया है। घटना इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के उटकपुरा गांव की है। सोमवार शाम खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने एक युवक का शव पेड़ की टहनी से लटका देखा, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची भीड़ ने मृतक की पहचान सौरिख थाना क्षेत्र के मधपुरी गांव निवासी उदयवीर राजपूत के रूप में की। परिजनों का कहना है कि शव को जानबूझकर पेड़ से लटकाया गया है। मृतक के पैर जमीन पर टिके हुए थे। जिससे यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या कर सुसाइड का रूप देने का प्रयास प्रतीत होता है। परिजनों ने मौके पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। शव उतरवाने से इनकार कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण होते देख आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। एसपी बिनोद कुमार मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

## बहराइच में रेप के दोषी को 10 साल की सजा

**बहराइच।** जिले की पॉक्सो कोर्ट ने नौ साल पुराने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने आरोपी उचित राम को 10 साल के कारावास और 35 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर उसे पांच माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला नौ साल पहले हरदी थाना क्षेत्र का है। एक महिला ने हरदी थाने में तहरीर दी थी कि इलाके के उचित राम नामक व्यक्ति ने उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर धारा 363, 366 भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और 4 फरवरी 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। सोमवार को जिले की पॉक्सो कोर्ट में सजा को लेकर बहस हुई। इस दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता संत प्रताप सिंह और संतोष सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को कठोर सजा देने की दलील दी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश अरविंद कुमार गौतम ने आरोपी उचित राम को दोषी मानते हुए यह फैसला सुनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच मार्च का चुनाव टला तो सड़क पर उतरेगी एनसीपी, पुष्पकमल दहल बोले– तिथियों का स्थगन स्वीकार नहीं

**काठमांडु एजेंसी।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और सबसे बड़े कम्युनिस्ट गठबंधन नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के समन्वयक पुष्पकमल दहल प्रचंड ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर किसी भी बहाने से 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव को स्थगित किया गया तो उनकी पार्टी सड़क पर उतरेगी। प्रचंड ने कहा कि एनसीपी ने गठबंधन के घोषणा के समय से ही समय पर चुनाव कराने का पक्ष लिया है।उन्होंने कहा चुनाव तिथियों को स्थगित करने का कोई प्रयास स्वीकार्य नहीं है। प्रचंड ने यह बात काठमांडू के भृकुटीमंडप क्षेत्र में एनसीपी की एक एकता रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने संविधान के उल्लंघन का खतरा जताते हुए सभी से समय पर चुनाव करवाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने किसी पार्टी या व्यक्ति का नाम नहीं लिया।

### भूकंप के तेज झटकों से कांपा पाकिस्तान, डरे सहमे लोग भागे बाहर



**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत एक बार फिर भूकंप के झटकों से कांप उठा है। रविवार (21 दिसंबर 2025) की सुबह खुजदार जिले में आए इस भूकंप ने लोगों के बीच भारी डर पैदा कर दिया। हालांकि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता केवल 3.3 मापी गई लेकिन इसके झटके बहुत जोरदार महसूस किए गए। भूकंप के झटके लगते ही खुजदार और आसपास के इलाकों में अफरा–तफरी मच गई। लोग अपने घरों और इमारतों से निकलकर खुले मैदानों की ओर भागने लगे। बलूचिस्तान पहले भी विनाशकारी भूकंपों का सामना कर चुका है, इसलिए हल्का झटका भी लोगों को पुरानी यादों से डरा देता है। फिलहाल स्थानीय प्रशासन या आपदा प्रबंधन की ओर से किसी बड़े जान–माल के नुकसान की खबर नहीं मिली है। अधिकारी स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। बलूचिस्तान भौगोलिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील क्षेत्र है क्योंकि यह भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों के सक्रिय जंक्शन पर स्थित है। यहाँ लगातार होने वाली हलचल के कारण छोटे और मध्यम स्तर के भूकंप आते रहते हैं।

### असीम मुनीर के प्लान पर खुश हुआ अमेरिका, विदेश मंत्री रुबियो बोले– पाकिस्तान के शुक्रगुजार हैं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गाजा के लिए पेश की गई 20 सूत्री शांति योजना को लेकर पाकिस्तान की संभावित भूमिका पर अमेरिका ने खुलकर समर्थन जताया है। इस योजना के तहत युद्धग्रस्त फिलिस्तीनी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल की तैनाती का प्रस्ताव है, जिसमें मुस्लिम बहुल देशों से सैनिक भेजे जाने की बात कही गई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका पाकिस्तान का आभारी है कि उसने इस अंतरराष्ट्रीय बल का हिस्सा बनने पर विचार करने की इच्छा जताई है। रुबियो के अनुसार, हम उन सभी देशों की सराहना करते हैं जो गाजा में स्थिरता बहाल करने के लिए ज़मीन पर मौजूद रहने को तैयार हैं या इस पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।हालांकि अमेरिका के इस प्लान पर आशंका जताई जा रही है कि जरूर कुछ दाल में काला है जो अमेरिका पाकिस्तान की इतनी तारीफ कर रहा है। पाकिस्तान ने अभी तक गाजा में सैनिक भेजने का अंतिम फैसला नहीं किया है। इस्लामाबाद का कहना है कि वह इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर हुसैन अंद्राबी ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में स्पष्ट किया कि ढ्रुस्त्र में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर कोई निर्णय अभी नहीं लिया गया है। मार्को रुबियो ने बताया कि पाकिस्तान समेत अन्य संभावित देशों के साथ बातचीत शुरुआती चरण में है। कई अहम सवालों पर सहमति बनना अभी बाकी है। इस बीच, रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि पाकिस्तान के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर वॉशिंगटन जाकर राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात कर सकते हैं और गाजा स्टेबिलाइजेशन फोर्स इस चर्चा का अहम मुद्दा होगा। हालांकि, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने इस दावे को खारिज कर दिया। वहीं, व्हाइट हाउस ने भी साफ किया कि फिलहाल ट्रंप और असीम मुनीर के बीच किसी बैठक का कार्यक्रम राष्ट्रपति के कैलेंडर में नहीं है। गाजा के लिए अंतरराष्ट्रीय सैन्य बल का प्रस्ताव पश्चिम एशिया की राजनीति में एक नया मोड़ माना जा रहा है।

# 3 भारतीय कबड्डी खिलाड़ियों को 11 साल की सजा, खेल का मैदान बना जंग का अखाड़ा



**लंदन , एजेंसी।** इंग्लैंड के ईस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में डर्बी में आयोजित एक कबड्डी टूर्नामेंट हिंसक झड़प में बदल गया, जिसके मामले में तीन भारतीय नागरिकों को कुल 11 साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई गई है। यह घटना करीब दो साल पुरानी है, जब टूर्नामेंट के दौरान बड़े पैमाने पर लफड़ा हुआ और हथियार लहराए गए। ब्रिटेन की अदालत ने तीनों को दोषी ठहराते हुए सख्त सजा सुनाई है।

डर्बीशायर पुलिस ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि दमनजीत सिंह (35), बूटा सिंह (35) और राजविंदर तखर सिंह (42) वर्ष 2023 में अल्वास्टन में हुए कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान हुई हिंसक झड़प में शामिल थे। इस झड़प में कई लोग घायल हुए थे। तीनों आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया था, लेकिन पिछले महीने डर्बी क्राउन कोर्ट में चले मुकदमे के बाद उन्हें दोषी करार दिया गया।

**गोली चलने और हथियारों के इस्तेमाल की भी सूचना :** पुलिस के अनुसार, 20 अगस्त 2023 को रविवार दोपहर करीब 4 बजे एल्वास्टन लेन के पास गोली चलने और हथियारों से मारपीट की सूचना मिली थी। घटनास्थल से सामने आई वीडियो फुटेज में बूटा सिंह को विरोधी गुट का पीछा करते हुए देखा गया। हालांकि उस समय उसके पास कोई हथियार नहीं दिखा, लेकिन दो दिन बाद जब पुलिस ने उसकी कार रोकी तो बूट से दो माचेटे बरामद किए गए।फुटेज में दमनजीत सिंह और राजविंदर तखर सिंह को भी झड़प के दौरान बड़े चाकुओं के साथ देखा गया। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आरोप तय किए गए।

**अलग-अलग अवधि की सजा सुनाई गई :** अदालत ने बूटा सिंह को चार साल की जेल की सजा सुनाई है। दमनजीत सिंह को तीन साल और चार महीने, जबकि राजविंदर तखर सिंह को तीन साल और दस महीने की सजा दी गई है। इस तरह तीनों को कुल मिलाकर 11 साल से अधिक की कैद भुगतनी होगी।

**दो आरोपी बरी, पहले भी हो चुकी हैं गिरफ्तारियां :** इस मामले में हिंसा में कथित भूमिका को लेकर मुकदमे का सामना कर रहे दो अन्य आरोपियों को जूरी ने बरी कर दिया। यह सजा पिछले साल की उस कार्रवाई के बाद आई है, जिसमें इसी हिंसा के सिलसिले में सात अन्य भारतीय मूल के लोगों को जेल भेजा गया था।

**पुलिस बोली- झड़प पहले से थी योजनाबद्ध :** वरिष्ठ जांच अधिकारी डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर मैट क्रूम ने कहा कि यह घटना और इसके बाद की जांच का स्थानीय लोगों और वहां मौजूद दर्शकों पर गहरा असर पड़ा। उन्होंने उन सभी लोगों का आभार जताया जिन्होंने जांच में सहयोग किया। पुलिस के मुताबिक, जांच में यह भी सामने आया कि यह झड़प पहले से योजनाबद्ध थी और एक समूह घटना से पहले डर्बी के ब्रंसविक स्ट्रीट पर इकट्ठा हुआ था।

## कभी भी आकर मिल सकते हैं, बेटों ने इमरान खान को लेकर जताई चिंता तो पाकिस्तान ने दिया रिएक्शन



**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को साफ किया कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे देश आते हैं तो उन्हें अपने जेल में बंद पिता से मिलने पर कोई रोक नहीं है। सरकारी अधिकारी ने यह भी कहा कि अगर दोनों भाई उनसे मिलने आना चाहते हैं, तो उन्हें पाकिस्तानी वीजा दिया जाएगा। यह बयान तब आया जब ऐसी खबरें आई कि अधिकारियों ने इमरान खान से मिलने पर बिना बताए पाबंदियां लगा दी हैं, यह दावा करते हुए कि कुछ मुलाकाती इन मुलाकातों का इस्तेमाल राजनीतिक एजेंडा बढ़ाने के लिए कर रहे थे।

**शहबाज सरकार के मंत्री ने क्या कहा :** गृह राज्य मंत्री तलल चौधरी ने पत्रकारों को बताया, सुलेमान खान और कासिम खान पर रावलपिंडी की अदियाला जेल में अपने पिता इमरान खान से मिलने पर कोई रोक नहीं है। चौधरी ने कहा, अगर सुलेमान और कासिम पाकिस्तानी वीजा के लिए अप्लाई करते हैं तो हम उन्हें दे देंगे। हम उन्हें उनके पिता से मिलने से नहीं रोकेंगे; इसलिए, यह प्रोपेगेंडा कि पाकिस्तानी सरकार पिता और बेटों की मुलाकात में रुकावटें डाल रही है, बंद होना चाहिए। उन्होंने उन रिपोर्ट्स को भी खारिज कर दिया कि खान को दिन में 23 घंटे अकेले रखा जा रहा है। इन खबरों के बाद, उनके परिवार के सदस्यों और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने उन हालातों पर चिंता जताई जिनमें उन्हें रखा गया है। सुलेमान और कासिम अभी लंदन में रहते हैं, खान की पहली शादी ब्रिटिश टीवी पर्सनैलिटी जेमिमा गोल्डस्मिथ से हुए बेटे हैं। चौधरी का यह बयान भाइयों के स्काई न्यूज को यह बताने के कुछ दिनों बाद आया है कि उन्हें डर है कि वे अपने जेल में बंद पिता को शायद फिर कभी नहीं देख पाएंगे।

**इमरान खान के बेटों ने क्या कहा था :** भाइयों ने कहा कि उन्होंने अगस्त 2023 से जेल में बंद पीटीआई के संस्थापक को महीनों से देखा या उनसे बात नहीं की है और उन्होंने उनकी सुरक्षा और सेहत के बारे में चिंता जताई है। अपने इंटरव्यू में इमरान के बेटों ने आरोप लगाया कि उनके पिता को आइसोलेशन में रखा गया है और इन हालातों को साफ तौर पर टॉर्चर की रणनीति बताया।

## 1971 मुक्ति संग्राम के नायक दूसरे कमांडर खांडकर का निधन, ढाका में ली आखिरी सांस

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश की स्थापना के लिए 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान मुक्ति वाहिनी के प्रमुख नेता, एयर वाइस मार्शल (सेवानिवृत्त) ए. के. खांडकर का शनिवार को निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। पांच दशक पहले 16 दिसंबर को जब पाकिस्तानी सैनिकों ने भारत-बांग्लादेश संयुक्त बलों के सामने आत्मसमर्पण किया था तब खांडकर उपस्थित थे। रक्षा मंत्रालय के अंतर-सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, आज (20 दिसंबर) पूर्वाह्न लगभग 10:35 बजे उम्र संबंधी जटिलताओं के कारण खांडकर ने अंतिम सांस ली। उन्होंने 16 दिसंबर, 1971 को ढाका में आयोजित समारोह में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया, जब लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी के नेतृत्व में पाकिस्तानी सैनिकों ने भारत के लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोरा के नेतृत्व वाली भारत-बांग्लादेश संयुक्त सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। वीरता पुरस्कार बीर उत्तम से सम्मानित खांडकर, जनरल एम ए जी उस्मानी के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की मुक्ति युद्ध सेना, मुक्ति वाहिनी के दूसरे शीर्ष कमांडिंग ऑफिसर थे और बाद में देश की वायु शक्ति को बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पहले वायु सेना प्रमुख बने। युद्ध प्रयासों में उनके योगदान को मान्यता देते हुए, बांग्लादेश ने उन्हें 2011 में सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, स्वतंत्रता पुरस्कार से सम्मानित किया। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने अनुभवी सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, उन्होंने 1971 के मुक्ति युद्ध के दौरान साहस, दूरदर्शिता और नेतृत्व का प्रदर्शन करके स्वतंत्रता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खांडकर 1952 में तत्कालीन पाकिस्तानी वायु सेना में शामिल हुए थे और 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ मुक्ति युद्ध में शामिल होने से पहले एक लड़ाकू पायलट और प्रशिक्षक के रूप में सेवा की थी। इसके बाद के वर्षों में, उन्होंने भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त और ऑस्ट्रेलिया में राजदूत के रूप में कार्य किया। खांडकर पूर्वोत्तर में स्थित अपने गृह जिले पाबना से अवामी लीग के टिकट पर दो बार संसद के लिए चुने गए थे।

## एपस्टीन से जुड़ी 16 फाइलें वेबसाइट से गायब, सच की परत खुलने से पहले हंगामा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में यौन अपराध के दोषी जेफरी एपस्टीन से जुड़े लंबे समय से बंद पड़े सरकारी दस्तावेजों कम से कम 16 ऐसी फाइलें फाइलें शनिवार तक अमेरिकी न्याय विभाग की वेबसाइट से गायब हो गईं। इसमें एक ऐसी भी फाइल शामिल थी, जिसमें ट्रंप की तस्वीरें थी। दरअसल, अमेरिकी न्याय विभाग ने कांग्रेस द्वारा पारित एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट के तहत हजारों पेज के दस्तावेज और सैकड़ों फोटो जारी किए। इन एपस्टीन की जांच, फ्लाइट लॉग्स, फोटोग्राफ्स और अन्य रिकॉर्ड शामिल हैं।

**कौन-कौन था तस्वीरों में :** बताया जा रहा है कि गायब हुई ये फाइलें अमेरिका के न्याय विभाग की सार्वजनिक वेबसाइट पर शुक्रवार को अपलोड की गई थी, जिसे शनिवार तक आम लोगों के एक्सेस से हटा दिया गया। गायब हुई फाइलों में ऐसी तस्वीरें शामिल थी, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप, जेफ्री एप्सटीन और गिस्लेन मैक्सवेल एक साथ नजर आ रहे थे। इसके अलावा गायब हुई तस्वीरों में नग्न महिलाओं की कलाकृतियों की तस्वीरें और फर्नीचर व दराजों में रखी कई तस्वीरों का एक कोलाज भी शामिल था। हालांकि, अमेरिका के न्याय विभाग ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि इन फाइलों को जानबूझकर हटाया गया है या किसी तकनीकी गलती के वजह से वेबसाइट पर नहीं दिख रही है।

**क्या-क्या छुपाया जा रहा है :** न्याय विभाग की वेबसाइट से फाइलें गायब होने के बाद से सोशल मीडिया पर अटकलों का दौर तेज हो गया है। अमेरिकी संसद की हाउस ओवरसाइट कमेटी के डेमोक्रेट सदस्यों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ट्रंप की तस्वीर गायब होने को लेकर सवाल उठाया और पूछा, और क्या-क्या छुपाया जा रहा है? अमेरिकी जनता को पारदर्शिता चाहिए। हाल ही में सामने आई जानकारियों में से एक यह है कि न्याय विभाग ने 2000 के दशक में एपस्टीन के खिलाफ जांच बंद करने का फैसला किया था, जिसके कारण वह राज्य स्तर के उस आरोप में दोषी ठहराए जाने में सक्षम हो गया था, और एक पहले कभी न देखी गई 1996 की शिकायत जिसमें एपस्टीन पर बच्चों की तस्वीरें चुराने का आरोप लगाया गया था। अब तक जारी की गई तस्वीरों में न्यूयॉर्क शहर और अमेरिकी वर्जिन द्वीप समूह में एपस्टीन के घरों की तस्वीरें प्रमुखता से दिखाई गई हैं, साथ ही कुछ तस्वीरें मशहूर हस्तियों और राजनेताओं की भी हैं। पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पहले कभी न देखी गई तस्वीरों की एक श्रृंखला सामने आई, लेकिन ट्रंप की तस्वीरें बहुत कम थीं।

# अमेरिकी सेना की वेनेजुएला पर बड़ी कार्रवाई, समुद्र तट पर नाकाबंदी; एक और तेल टैंकर जब्त



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच जारी तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ट्रंप लगातार वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर दबाव बढ़ा रहे हैं। अमेरिकी सैनिक लगातार वेनेजुएला के तट के पास कार्रवाई कर रहे हैं। अमेरिकी सैनिकों ने दो सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार वेनेजुएला के तट के पास एक तेल टैंकर को जब्त किया है। दरअसल, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर ट्रंप के बढ़ते दबाव के बीच शनिवार को अमेरिकी सैनिकों ने एक और टैंकर वेनेजुएला के तट के पास से जब्त किया है।

**गृह मंत्री ने की पुष्टि :** अमेरिकी की गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कार्रवाई की पुष्टि की है। उन्होंने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका प्रतिबंधित तेल की अवैध आवाजाही का पीछा करना जारी रखेगा जिसका उपयोग इस क्षेत्र में नार्को आतंकवाद को वित्त पोषित करने के लिए किया जाता है। यह कार्रवाई अमेरिकी तटरक्षक बल द्वारा पेंटागन के समर्थन से की गई थी और यह वेनेजुएला के तेल निर्यात को बाधित करने और मादुरो पर पद छोड़ने के लिए दबाव डालने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। अल जजीरा के सूत्रों से नाम न छापने की शर्त पर बात करने वाले तीन अधिकारियों ने ऑपरेशन के स्थान का खुलासा नहीं किया, लेकिन बताया कि तटरक्षक बल इस अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। दो अधिकारियों ने भी इस ऑपरेशन की पुष्टि की। एक अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई सहमत बोर्डिंग थी, जिसमें टैंकर स्वेच्छा से रुका और अमेरिकी सेना को उस पर चढ़ने की अनुमति दी। अल जजीरा के अनुसार, पिछले सप्ताह अमेरिकी सेना द्वारा वेनेजुएला के तट पर एक प्रतिबंधित तेल टैंकर को जब्त किए जाने के बाद से प्रभावी रूप से एक प्रतिबंध लागू है।

## उस्मान हादी की मौत के बाद ढाका विश्वविद्यालय ने बंगबंधु हॉल का बदला नाम, गृह मंत्रालय को 24 घंटे का अल्टीमेटम





**ढाका, एजेंसी।** इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में भारी बवाल देखने को मिल रहा है। इस बीच ढाका विश्वविद्यालय ने बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान हॉल का नाम बदलकर शहीद शरीफ उस्मान हादी हॉल कर दिया है। दरअसल, इंकलाब मंच के प्रवक्ता और प्रमुख छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी का ढाका में गोली लगने के बाद सिंहापुर में इलाज चल रहा था। इस दौरान 18 दिसंबर 2025 को उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद से ही बांग्लादेश में भारी बवाल देखने को मिल रहा है। उस्मान हादी की मौत के बाद शुक्रवार को ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों और हॉल यूनियन के नेताओं ने शेख मुजीबुर रहमान हॉल की पुरानी नेमप्लेट को हटाकर उस पर नया नाम शहीद उस्मान हादी हॉल लिख दिया। बीडी न्यूज के अनुसार, उन्होंने हॉल के गेट पर बैनर भी लगाए। शनिवार को अधिकारियों ने पुराने साइनबोर्ड को हटा दिया, और इमारत से शेख मुजीबुर रहमान का नाम हटाने और दीवारों पर उनके द्वारा लिखे गए भित्तिचित्रों पर पेंट करने के लिए एक क्रेन का इस्तेमाल किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार देर रात के दौरान उनकी दो भित्तिचित्रों पर भी पेंट कर दिया गया। इस फैसले ने ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच विरोध और बहस छेड़ दी है, जिनमें से कुछ ने फेसबुक समूहों में अपने विचार व्यक्त किए हैं। बंगबंधु, एक सम्मानित उपाधि जिसका अर्थ है बंगाल का मित्र या बंगालियों का मित्र, बांग्लादेश के संस्थापक पिता और पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान को राष्ट्र को स्वतंत्रता दिलाने और बंगाली अधिकारों की पैरवी करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रदान की गई थी। शनिवार को बांग्लादेश के ढाका विश्वविद्यालय परिसर में मारे गए इंकलाब मंचो के संयोजक शरीफ उस्मान हादी के अंतिम संस्कार की प्रार्थना संपन्न होने के बाद संगठन शाहबाग क्षेत्र की ओर बढ़ा और देश के गृह मंत्रालय को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए उस्मान हादी के हत्यारों की गिरफ्तारी की प्रगति पर रिपोर्ट की मांग की। अंत्येष्टि के बाद, मोनचो ने बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जहांगीर आलम चौधरी और गृह मंत्रालय में मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक, खुदा बख्श चौधरी से हादी के हत्यारों की गिरफ्तारी की प्रगति पर एक रिपोर्ट प्रदान करने की मांग की और चेतावनी दी कि जवाब देने में विफल रहने पर उन्हें इस्तीफा देना होगा।

## मुनीर के गले की फांस बनी अमेरिका की दोस्ती, गाजा में सेना भेजने का प्रेशर; अपने ही जाल में कैसे फंसा पाकिस्तान?

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान इस समय अमेरिका से दोस्ती मजूबत करने की कोशिश में लगा हुआ है। इस बीच अमेरिका पाकिस्तान पर गाजा में शांति सेना भेजने का दबाव बना रहा है। जिसको लेकर असीम मुनीर मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। दरअसल, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गाजा शांति समझौते को लेकर एक ऐसा बयान दिया है, जिससे पाकिस्तान में सत्ता हिल रही है। उन्होंने पाकिस्तान की गाजा स्टेबिलाइजेशन फोर्स में शामिल होने की पेशकश या विचार करने के लिए आभार जताया। मार्को रुबियो ने कहा कि हम पाकिस्तान के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने इसका हिस्सा बनने का प्रस्ताव दिया है या कम से कम इसका हिस्सा बनने पर विचार करने को कहा है। बता दें कि मार्को रुबियो ट्रंप के गाजा पीस प्लान के तहत पाकिस्तानी सेना को गाजा भेजने की बात कर रहे थे। लेकिन पाकिस्तानी सेना इस मुद्दे पर बंटी हुई दिखाई दे रही है। फील्ड मार्शल असीम मुनीर के खिलाफ पाकिस्तान के लोग सड़कों पर उतर आए। राजनीतिक दलों और खासकर मुनीर को इतना ताकतवर बनाने वाली सरकार भी इससे सहमत नहीं है। ऐसे में असीम मुनीर मुश्किल में घिरते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बयान के बाद पाकिस्तान में ऐसी खबरें फैलने लगीं कि फील्ड मार्शल असीम मुनीर निकट भविष्य में वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने वाले हैं। इसके बाद से पाकिस्तान की जनता, मीडिया, सेना, सरकार और अन्य राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे हैं।

**हमारा काम नहीं...** बढ़ता विवाद देख शनिवार को पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान को सैन्यकर्मी भेजने के लिए नहीं कहा गया है और न ही देश ने अभी तक कोई निर्णय लिया है। इससे पहले, विदेश मंत्री इशाक



डार ने कहा था कि जब तक आईएसएफ के कार्यक्षेत्र स्पष्ट नहीं हो जाते, पाकिस्तान कोई निर्णय नहीं ले सकता और साथ ही यह भी कहा था कि हमास को निरस्त्र करना हमारा काम नहीं है।

**मुस्लिम देश को फिलिस्तीनी समूहों से नहीं लड़ना चाहिए :** पाकिस्तानियों की मानें तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की योजना मुस्लिम देशों को हमास और अन्य प्रतिरोधक समूहों के साथ टकराव के रास्ते पर धकेलने का है। पाकिस्तानी अखबार द डॉन ने अपने संपादकीय में लिखा है, अमेरिका वह करने की कोशिश कर रहा है, जो इजरायल करने में विफल रहा। हमारा मानना है कि किसी भी मुस्लिम देश को फिलिस्तीनी समूहों से नहीं लड़ना चाहिए। शायद गाजा योजना के इसी अप्रिय पहलू के कारण कई देशों ने सेना भेजने से इनकार कर दिया है। संपादकीय में लिखा है कि इजरायल पर भरोसा नहीं किया जा सकता, और उसने पहले ही संकेत दे दिया है कि वह कब्जे वाले गाजा के महत्वपूर्ण हिस्सों में बने रहने का इरादा रखता है। इसलिए मुस्लिम और अरब देशों को कब्जे को जारी रखने की अमेरिकी-इजरायली योजना में भागीदार नहीं बनना चाहिए।

**मुश्किल में फंसे मुनीर :** एक तरफ जहां अमेरिका पाकिस्तान के असीम मुनीर पर गाजा में अपनी सेना भेजने का दबाव बना रहा है, वहीं दूसरी हो यह फैसला असीम मुनीर को मुश्किलों में घेर रह है। गौरतलब है कि असीम मुनीर ने पाकिस्तान में सत्ता पर खुद को मजबूत करने के लिए उन्होंने अमेरिका से ज्यादा ही नजदीकी बढ़ा ली है। इससे चीन भी नाराज चल रहा है, लेकिन अब वो अगर पाकिस्तानी सेना को गाजा नहीं भेजते हैं तो ट्रंप भी नाराज हो जाएंगे। ऐसे में एक तरफ जहां अमेरिका पाकिस्तान के असीम मुनीर पर गाजा में अपनी सेना भेजने का दबाव बना रहा है, वहीं दूसरी हो यह फैसला असीम मुनीर को मुश्किलों में घेर रहा है। अगर मुनीर अमेरिका की बातों में आते हैं तो जनता के आक्रोश के साथ पाकिस्तानी सेना में भी विद्रोह की संभावना है।

# ईशान किशन के लिए एक और खुशखबरी, विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के लिए झारखंड की करेंगे कप्तानी

**एडिलेड (एजेंसी)।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने घोषणा की है कि स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन आगामी विजय हजारे ट्रॉफी एलीट (वीएचटी) 2025/26 सत्र के लिए झारखंड टीम के कप्तान होंगे। वीएचटी 2025/26 सत्र 24 दिसंबर से शुरू होगा, जिसमें झारखंड का पहला मैच अहमदाबाद में कर्नाटक के खिलाफ खेला जाएगा। किशन के अलावा, वीएचटी 2025-26 सत्र के लिए झारखंड टीम में कुमार कुशाग्रा, अनुकूल रॉय, रॉबिन मिंज, अभिनव शरण और विराट सिंह भी शामिल हैं।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025/26 के लिए झारखंड टीम- इशान किशन (विकेटकीपर और कप्तान), विराट सिंह, उत्कर्ष सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर और उप-कप्तान), रॉबिन मिंज, अनुकूल रॉय, शरणदीप सिंह, शिखर मोहन, पंकज कुमार (विकेटकीपर), बाला कृष्णा, एमडी कौनैन कुरैशी, शुभ शर्मा, अमित कुमार, मनीषी, अभिनव शरण, सुशांत मिश्रा, विकास सिंह, सौरभ शेखर, राजनदीप सिंह, शुभम सिंह.

झारखंड के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) 2025/26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईशान ने टीम को पहली बार एसएमएटी खिताब दिलाया। उन्होंने 10 पारियों में 57.44 के असाधारण औसत से 517 रन बनाए, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल थे। खास बात यह है कि उन्होंने हरियाणा के खिलाफ फाइनल में 101 रनों की मैच-विनिंग पारी खेलकर अपनी टीम को ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

SMAT में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद, किशन को ICC पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में वापस जगह मिली है। संजू सैमसन के बाद किशन को दूसरे विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में भारतीय टीम में शामिल किया गया है। सूर्यकुमार यादव आगामी टी20 विश्व कप में 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी करेंगे। टी20आई टीम के उप-कप्तान रहे शुभमन गिल को फिटनेस और फॉर्म संबंधी चिंताओं के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है, और अक्षर पटेल उप-कप्तानी की भूमिका में लौट रहे हैं।




# नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स: राफेल नडाल की मौजूदगी में लर्नर टिएन बने चैंपियन



**हांगझू (एजेंसी)।** जेद्दा- अमेरिकी युवा टेनिस खिलाड़ी लर्नर टिएन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार को किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में खेले गए फाइनल मुकाबले में टिएन ने बेल्जियम के अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 4-3(4), 4-2, 4-1 से हराया। इस यादगार मुकाबले के दौरान स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल भी स्टेडियम में मौजूद रहे।

पिछले साल खिताब से चूकने के बाद इस बार टिएन ने दमदार वापसी की। टूर्नामेंट की शुरुआत उनके लिए आसान नहीं रही थी। राउंड-रॉबिन चरण में स्पेन के राफेल जोडर के खिलाफ पहले मैच में वह चार मैच प्वाइंट का फायदा नहीं उठा सके और सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हालांकि, इसके बाद उन्होंने जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए ग्रुप स्टेज के बाकी दोनों मुकाबले एक सेट से पिछड़ने के बावजूद जीत लिए।

नॉकआउट चरण में टिएन ने अपने खेल का स्तर और ऊंचा उठाया और एक भी सेट गंवाए बिना फाइनल तक का सफर तय किया। खिताब जीतने के साथ ही वह स्टेफानोस सितसिपास (2018) और कार्लोस अल्काराज (2021) के बाद यह टूर्नामेंट जीतने वाले तीसरे टॉप सीड खिलाड़ी बने। इसके अलावा, वह ब्रैंडन नकाशिमा (2022) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे अमेरिकी खिलाड़ी भी बने।

फाइनल में बाएं हाथ के टिएन ने महज 58 मिनट में क्लच और आक्रामक खेल का बेहतरीन नमूना पेश किया, जिसकी झलक कभी 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता राफेल नडाल के खेल में देखने को मिलती थी। हालांकि ब्लॉकक्स ने पहले सेट में एक भी फर्स्ट सर्व मिस नहीं की, लेकिन टाईब्रेक में टिएन ने धैर्य बनाए रखा और पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया और आसानी से खिताब जीत लिया।

खिताब जीतने के बाद टिएन ने कहा, 'मैं पिछले एक साल से इस ट्रॉफी को उठाने का इंतजार कर रहा था। इस साल मैंने कई ऐसे लक्ष्य हासिल किए, जिन्हें मैं पाना चाहता था। मेरे पास लक्ष्यों की एक लंबी सूची थी और उनमें से अधिकतर पूरे कर पाया। मैं वाकई बहुत खुश हूं।'

# इसी सप्ताह विजय हजारे ट्रॉफी में उतरेंगे रोहित और विराट

**मुम्बई (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली इसी माह 24 और 25 दिसंबर से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नजर आयेंगे। इन दोनो ने ही हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। अब इन दोनो का लक्ष्य विजय हजारे ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर टीम में अपनी जगह बनाये रखना रहेगा। भारतीय टीम को अगले साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी खेलना है। ये दोनो ही उसमें भी बेहतर प्रदर्शन कर साल 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए दौड़ में बने रहना चाहेंगे।

इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास के बाद से ही ये दोनों केवल एकदिवसीय में ही खेल रहे हैं। ऐसे में इन दोनो को ही लय में बने रहने भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह दी है। इसी कारण 24 दिसंबर को रोहित मुंबई के लिए जबकि 25 से विराट दिल्ली की तरफ से खेलते नजर आएंगे !

वहीं ये भी कहा जा रहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली एकदिवसीय सीरीज से रोहित और विराट को आराम दिया जा सकता है।




बीसीसीआई ने सारे खिलाड़ियों को लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं चल रहा हो तो खिलाड़ियों को घरेलू मैच में खेलना होगा। बोर्ड के बनाए नियम में केवल चोटिल खिलाड़ियों को राहत मिलेगी। ऐसे में रोहित और विराट को भी एक दशक से अधिक समय के बाद घरेलू क्रिकेट खेलने को मजबूर होना पड़ा है। इसका एक कारण ये भी है एकदिवसीय मैच काफी कम होते हैं जिससे इन्हें अभ्यास के लिए घरेलू मैच खेलना जरुरी हो गया है।

# शुभमन गिल को टी20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर करने पर पूर्व सिलेक्टर हैरान, इसकी उम्मीद नहीं कर रहे थे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम के चयन ने क्रिकेट जगत में बड़ी बहस छेड़ दी है। उप-कप्तान शुभमन गिल को 15 सदस्यीय टीम से बाहर किए जाने का फैसला कई दिग्गजों के लिए चौंकाने वाला रहा। भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व चयन समिति अध्यक्ष क्रिस श्रीकांत ने इस फैसले पर खुलकर हैरानी जताई और कहा कि उन्हें चयनकर्ताओं से ऐसे साहसिक कदम की उम्मीद नहीं थी। हालांकि, उन्होंने इसके बावजूद मौजूदा चयन समिति की सराहना भी की।

### शुभमन गिल को बाहर करने पर श्रीकांत की हैरानी

क्रिस श्रीकांत ने कहा कि शुभमन गिल को टीम से बाहर किया जाना उनके लिए 'बड़ा झटका' था। उनके मुताबिक जब किसी खिलाड़ी को उप-कप्तान बनाया जाता है, तो यह साफ संकेत होता है कि टीम मैनेजमेंट उस पर भरोसा कर रहा है। ऐसे में बड़े टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर गिल को बाहर करना भारतीय क्रिकेट में बहुत कम देखने को मिलता है। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब शो में कहा कि वह इस फैसले की उम्मीद नहीं कर रहे थे, खासकर तब जब गिल हाल ही में टेस्ट और वनडे टीम में नेतृत्व की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

### चयन समिति के फैसले की तारीफ

हालांकि अपनी हैरानी के बावजूद श्रीकांत ने अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति की तारीफ की। उन्होंने कहा कि चयनकर्ताओं ने एक ÷शानदार÷ और संतुलित टीम चुनी है, जो आधुनिक टी20 क्रिकेट की मांगों के अनुरूप है। उनका मानना है कि चयन समिति ने भावनाओं से ऊपर उठकर प्रदर्शन और टीम कॉम्बिनेशन को प्राथमिकता दी। श्रीकांत के अनुसार, यह फैसला भले ही कठोर लगे, लेकिन लंबे समय में टीम के लिए फायदेमंद हो सकता है।

### टी20आई में गिल का प्रदर्शन बना कमजोर कड़ी

शुभमन गिल का टी20 अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड उनके खिलाफ गया। उन्होंने 15 टी20द्ध मैचों में 140 से कम के स्ट्राइक रेट से 291 रन बनाए, जो एक टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज से अपेक्षित आक्रामकता नहीं दिखाता। टी20 फॉर्मेट में तेज रन बनाने की जरूरत होती है और यहीं पर गिल पिछड़ते नजर आए। उनकी मौजूदगी के कारण भारत को संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सफल ओपनिंग जोड़ी को तोड़ना पड़ा, जो टीम के संतुलन पर असर डाल रहा था।

### अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन को बढ़त

श्रीकांत ने साफ कहा कि टी20 क्रिकेट में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन, गिल से आगे नजर आते हैं। अभिषेक शर्मा को उन्होंने 'दुनिया का नंबर वन' तक कह दिया, जबकि संजू सैमसन और ईशान किशन विकेटकीपर-बल्लेबाज़ का उपयोगी विकल्प देते हैं। उनके मुताबिक, ईशान किशन की वापसी ने टीम को आक्रामक शुरुआत और अतिरिक्त




फ्लेक्सिबिलिटी दी है, जो बड़े टूर्नामेंट में अहम भूमिका निभा सकती है।

### गिल को करना होगा इंतजार

श्रीकांत ने यह भी कहा कि शुभमन गिल की काबिलियत पर कोई शक नहीं है। वनडे और टेस्ट क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड शानदार है, खासकर विदेशी परिस्थितियों में। लेकिन टी20 क्रिकेट में उन्हें अभी खुद को साबित करना होगा। पूर्व कप्तान के अनुसार, गिल को अब धैर्य रखना होगा और जब भी मौका मिले, टी20 फॉर्मेट में अपनी स्ट्राइक रेट और प्रभाव को बेहतर बनाना होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन एशेज के बचे हुए मैचों में नहीं खेल पायेंगे

एडिलेड । ऑस्ट्रेलिया के स्टार स्पिनर नाथन लियोन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पायेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम 26 दिसंबर से इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में उतरेगी। इससे लियोन पूरी तरह से बाहर हो गये हैं। इसका कारण है कि एडीलेड टेस्ट में लियोन की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इसी कारण वह मैच में पूरे समय गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। तीसरे टेस्ट में फील्डिंग करते समय लियोन ने एक गेंद को रोकने के लिए छलांग लगाई। इसके बाद ही उन्हें दर्द शुरु हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ( सीए ) के एक प्रवक्ता ने कहा कि लियोन की चोट ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा झटका है। लियोन ने तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी में तीन विकेट ओर दोनो पारियों को मिलाकर पांच विकेट लिए थे। उन्होंने तब विकेट लिए जब इंग्लैंड की टीम तेजी से 435 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी।

# हरमनप्रीत 350 मैच खेलने वाली पहली भारतीय व विश्व की दूसरी महिला क्रिकेट बनी



विशाखापट्टनम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 350 मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गईं हैं। हरमनप्रीत ने यह उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ पहले ही टी20 मुकाबले में हासिल की। हरमनप्रीत ने साल 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू किया था और इसके बाद से ही वह वह लगातार आगे बढ़ती रही हैं। अपनी बल्लेबाजी के साथ ही कप्तानी कौशल से वह भारतीय महिला क्रिकेट की एक प्रमुख स्तंभ बनकर उभरी हैं। वह महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। वहीं सबसे अधिक मैच खेलने का रिकार्ड न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के नाम है। बेट्स ने 355 मैच खेले हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी ने 347 मैच खेले हैं। हरमनप्रीत ने अपने करियर में कई मैच विजेता पारियां खेली हैं। उन्होंने साल 2017 विश्वकप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 171 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली थी। इस पारी को महिला क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ पारियों में शामिल किया गया है। इसके अलावा उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी विश्वकप जीता है। हरमनप्रीत ने 350 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 183 टी20, 161 एकदिवसीय और 9 टेस्ट शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने तीनों प्रारुपों को मिलाकर 8 शतक के साथ ही कुल 8000 से ज्यादा रन बनाये हैं। वहीं गेंदबाजी के दौरान इस बल्लेबाज ने 75 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे टेस्ट में 323 रनों से हराया, तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीती

**माउंट माउंगानुई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले में मेहमान वेस्टइंडीज को बड़े अंतर से हराया। यह मैच टेस्ट सीरीज का न केवल आखिरी बल्कि निर्णायक मुकाबला भी था। माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान में खेले गए मुकाबले में कीवी टीम ने हर विभाग में शानदार खेल दिखाया और 323 रनों से जीत दर्ज की।

मैच में टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने पहली पारी में 8 विकेट पर 575 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। कप्तान टॉम लैथम ने 137 रन की अहम पारी खेली, जबकि उनके साथी ओपनर डेवोन कॉन्वे ने शानदार 227 रन बनाए। कॉनवे ने इस पारी में दोहरा शतक लगाया और टेस्ट क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

जवाब में वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 420 रन पर सिमट गई। इस दौरान क्वेम हॉज ने शतक लगाकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन बाकी




बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं सके। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में एक बार फिर अपने ओपनिंग बल्लेबाजों के बेजोड़ प्रदर्शन के चलते 2 विकेट खोकर 306 रन बनाए और पारी घोषित कर दी। इस बार भी कप्तान टॉम लाथम ने 101 रन और डेवोन कॉन्वे ने 100 रन की शतकीय पारी खेली, जिससे वेस्ट इंडीज पर दबाव और बढ़ गया। 462 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 138 रन पर ही ढेर हो गई। इस दौरान जैकब डफी ने पांच विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 42 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। एजाज पटेल ने भी अच्छा साथ देते हुए 32 ओवर में 21 मेडन ओवर फेंके और केवल 23 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

मैच की खास बातें यह रहीं कि डेवोन कॉन्वे ने एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक दोनों लगाए। टॉम लैथम ने भी दोनों पारियों में शतक जड़कर कप्तानी पारी खेली। डेवोन कॉन्वे को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं, वेस्टइंडीज की ओर से क्वेम हॉज का शतक ही एकमात्र बड़ी उपलब्धि रहा। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने दोनों पारियों में समय पर विकेट लेकर टीम को आसान जीत दिलाई।

इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया है। सीरीज का पहला मैच ड्रा रहा था, जिसके बाद मेजबान टीम ने लगातार दो टेस्ट अपने नाम किए और सीरीज को जीत लिया। पूरी सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए जैकब डफी को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

# एस्टन विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर लगातार 10वीं जीत हासिल की



मैनचेस्टर (इंग्लैंड) । मॉर्गन रोजर्स के दो गोल की मदद से एस्टल विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराकर खुद को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में बनाए रखा। एस्टन विला की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार दसवीं जीत है। वह ईपीएल की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है और शीर्ष पर काबिज आर्सेनल से केवल तीन अंक पीछे है। रोजर्स ने अपना पहला गोल 45वें और दूसरा गोल 57वें मिनट में किया। यूनाइटेड के लिए एकमात्र गोल मैथियस कुन्हा ने किया। इस तरह से एस्टन विला का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उसने लीग में अपने पिछले 12 मैचों में से 11 में जीत हासिल की। यह हार यूनाइटेड के लिए एक और झटका है। वह अपने पिछले आठ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल कर पाया है और वह तालिका में सातवें स्थान पर है।

# अंडर-19 एशिया कप जीतकर मालामाल हुई पाकिस्तान टीम, प्रत्येक खिलाड़ी को मिलेंगे एक-एक करोड़ रुपए

कराची । पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने सोमवार को अपने देश की अंडर-19 एशिया कप विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी के लिए एक करोड़ रुपए के विशेष नकद पुरस्कार की घोषणा की। पाकिस्तान की युवा टीम ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल में भारत को 191 रन से हराकर खिताब जीता था। शरीफ ने इस्लामाबाद में टीम और उसके सहयोगी स्टाफ के लिए आयोजित किए गए स्वागत समारोह में यह घोषणा की। टीम के मेंटोर ( मार्गदर्शक ) और मैनेजर सरफराज अहमद ने स्वागत समारोह के बाद मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री ने प्रत्येक खिलाड़ी को एक करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इससे पहले रिपोर्टों के अनुसार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ( PCB ) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एशिया कप जीतने वाली जूनियर टीम के खिलाड़ियों के लिए 50-50 लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

# हॉकी इंडिया का बड़ा ऐलान : आगामी लीग के लिए फैंस को मिलेंगे मुफ्त टिकट

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग ( HIL ) 2025-26 को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए बताया है कि आगामी सीजन के मुकाबलों के लिए दर्शकों को मुफ्त टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे। इसका मकसद देश के अलग-अलग शहरों में हॉकी के प्रति फैंस की भागीदारी बढ़ाना और खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाना है। महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत 28 दिसंबर से रांची में होगी और यह टूर्नामेंट 10 जनवरी तक चलेगा। वहीं, पुरुष हॉकी इंडिया लीग का आगाज 3 जनवरी से चेन्नई में होगा, जिसके बाद मुकाबले 11 जनवरी से रांची में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का अंतिम चरण हॉकी के गढ़ माने जाने वाले भुवनेश्वर में 17 से 26 जनवरी के बीच आयोजित होगा। रांची चरण के लिए Hero HIL के टिकट आज सुबह 11 बजे से उपलब्ध करा दिए गए हैं, जबकि चेन्नई में होने वाले पुरुषों के मुकाबलों के टिकट बुधवार सुबह 11 बजे से मिलेंगे। पिछली बार की तरह इस बार भी हॉकी इंडिया देश के हर कोने तक हॉकी पहुंचाने और इसे अधिक सुलभ बनाने के अपने लक्ष्य पर कायम है। हॉकी इंडिया लीग की गवर्निंग कमेटी के चेयरपर्सन दिलीप तिर्की ने कहा, 'हमने एक बार फिर फैसला किया है कि चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में होने वाले सभी मुकाबलों के लिए हॉकी प्रेमियों को मुफ्त टिकट दिए जाएंगे। महिला लीग रांची में होगी, जबकि पुरुषों की लीग तीन शहरों में खेली जाएगी। हमारा उद्देश्य स्टेडियम को उन फैंस से भरना है जो अपने पसंदीदा सितारों को खेलते देखना चाहते हैं। इस सीजन में दुनिया के कई शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और हमें शानदार हॉकी देखने की उम्मीद है।' गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने भी इसी तरह की बात कहते हुए कहा, 'Hero HIL एक महीने तक चलने वाला हॉकी का उत्सव होगा। हम सभी हॉकी प्रेमियों को #HockeyKaJashn देखने के लिए आमंत्रित करते हैं। हमारा लक्ष्य पूरे देश में हॉकी का फैनबेस बढ़ाना है और हमें उम्मीद है कि इस सीजन में सभी स्टेडियम खचाखच भरे रहेंगे।' इस साल की हॉकी इंडिया लीग में आठ पुरुष टीमें और चार महिला टीमें हिस्सा लेंगी। नए और रिवैम्प्ड फॉर्मेट के साथ दोनों लीग में तेज रफ्तार और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिससे फैंस को पूरे एक महीने तक शानदार हॉकी का आनंद मिलेगा।

# 2023 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में मिली हार से दुखी होकर संन्यास लेना चाहता था: रोहित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है साल 2023 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में मिली हार से वह हताश थे और उन्होंने खेल से संन्यास का फैसला कर लिया था। तब वह इतने दुखी थे और उन्हें लगा था कि इस खेल ने उनसे सब कुछ छीन लिया है। तब भारतीय टीम ने सभी मैच जीतकर फाइनल में जगह बनायी थी पर वहां उसे ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया था। तब ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शतक लगाकर भारतीय टीम के हाथ आयी जीत छीन ली थी। रोहित ने एक कार्यक्रम में कहा कि फाइनल के बाद उन्हें लगा था कि अब मुझे नहीं खेलना चाहिये क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है। इस सदमे से उबरने में मुझे कुछ समय लगा था। मैं अपने को याद दिलाता था कि यही वह खेल है, जिससे मुझे असल में प्यार है। यह चीज मेरे पास है और मैं इसे इतनी आसानी से नहीं छोड़ सकता। इसके बाद धीरे-धीरे मैं इस झटके से उबर गया। मैंने अपनी खोई हुई ताकत वापस हासिल की और फिर से मैदान पर उतर गया। उन्होंने माना कि उस हार से हर कोई दुखी था और हमें भरोसा नहीं हो रहा था कि अचानक ही क्या हुआ है।


मेरे लिए तो कप्तान होने के कारण यह बहुत कठिन दौर था क्योंकि मैंने उस विश्व कप के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया था। विश्व कप से पहले ही नहीं, बल्कि साल 2022 में कप्तानी संभालने के बाद से ही मैं उसके लिए तैयारी कर रहा था.

रोहित ने टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और अब वह एकदिवसीय में ही खेलते हैं। उनका लक्ष्य 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहना और उसे जीतना है।

रोहित ने कहा, 'मेरा एकमात्र लक्ष्य विश्व कप जीतना था, चाहे वह टी-20 विश्व कप हो या 2023 में एकदिवीसय विश्व कप इसलिए जब ऐसा नहीं हो पाया तो मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मेरे शरीर में बिल्कुल भी शक्ति नहीं बची थी। मुझे इससे उबरने और वापसी करने में कुछ माह लग गये थे।'

भारतीय टीम ने इसके बाद उनकी कप्तानी में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए 2024 के टी20 विश्व कप में खिताब जीता था पर वह नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार से इसके बाद भी नहीं उबर पाये।

रोहित ने कहा, 'जब आप किसी चीज को हासिल करने के लिए अपनी सारी ताकत लगा देते हैं और फिर



आपको मनचाहा परिणाम नहीं मिलता है तो दुखी होना एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया होती है. मेरे साथ भी ठीक यही हुआ, लेकिन मुझे यह भी पता था कि जीवन यहीं खत्म नहीं होता, इससे सबक लेते हुए हमने टी20 विश्वकप जीता।'

# भारत-न्यूज़ीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होने की ऐतिहासिक घोषणा......जाने क्या होगा सस्ता, क्या मंहगा

**नई दिल्ली।**

भारत और न्यूज़ीलैंड के द्विपक्षीय संबंधों में सोमवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने फोन पर चर्चा के दौरान एक व्यापक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के संपन्न होने की ऐतिहासिक घोषणा की। यह समझौता न केवल दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा, बल्कि आने वाले वर्षों में निवेश और रोजगार के अभूतपूर्व मौके पैदा करेगा। पीएम लक्सन की मार्च 2025 में हुई भारत यात्रा के दौरान एफटीए पर बातचीत शुरू हुई थी, जिसे मात्र 9 महीनों के रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। उम्मीद है कि अगले तीन महीनों के भीतर इस पर औपचारिक हस्ताक्षर हो जाएंगे और अगले साल से लागू होगा।

दोनों नेताओं ने भरोसा जताया कि समझौते के लागू होने के बाद अगले 5 वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होगा। न्यूज़ीलैंड ने वादा किया है कि वह अगले 15 वर्षों में भारत में करीब 20 अरब डॉलर का निवेश करेगा। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच वस्तु और सेवा व्यापार करीब 2.4 अरब डॉलर रहा। वर्तमान में भारत का पलड़ा भारी है और वह व्यापार अधिशेष की स्थिति में है। भारतीय व्यापारियों के लिए यह समझौता गेम-चेंजर साबित होगा। समझौते के तहत न्यूज़ीलैंड भारत के 100 फीसदी निर्यातों पर जीरो ड्यूटी मार्केट एक्सेस देगा।

बात दें कि भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के बाद भारत में कुछ चीजें सस्ेती होने की उम्मीद है। न्यूज़ीलैंड भारत को बहुत सा कच्चा माल आपूर्ति करता है, जो भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए बहुत जरूरी है। इस आयात बास्केट में सबसे बड़ा योगदान लकड़ी और उससे जुड़े उत्पादों का है। न्यूज़ीलैंड से बड़ी मात्रा में लॉग्स, चिरी हुई लकड़ी और वुड पल्प भारत आता है, जो हमारे घरेलू फर्नीचर, कागज निर्माण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अनिवार्य कच्चा माल है। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के बाद इन प्रोडक्ट पर अगर भारत आयात शुल्क घटाएगा, तब घरेलू बाजार में फर्नीचर आदि सस्ता हो सकता है। न्यूज़ीलैंड अपनी प्रीमियम गुणवत्ता के एग्री प्रोडक्ट लिए भारतीय बाजारों में खास पहचान बना चुका है। विशेष रूप से कीवी और सेब की मांग भारतीय शहरी मध्यम वर्ग के बीच काफी अधिक है।

# वरुण बेवरेजेज ने ट्विजा का 1,119 करोड़ में अधिग्रहण किया

**- अधिग्रहण के बाद ट्विजा, बेवको की स्टेप-डाउन अनुषंगी कंपनी बन जाएगी**

**नई दिल्ली ।**

वरुण बेवरेजेज लिमिटेड (वीबीएल) जो भारत और दुनिया के कई देशों में पेप्सिको की प्रमुख बॉटलिंग पार्टनर है, ने दक्षिण अफ्रीका की कंपनी ट्विजा का पूर्ण अधिग्रहण करने की घोषणा की है। यह अधिग्रहण उनकी स्थानीय अनुषंगी कंपनी, द बेवरेजेज कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बेवको) के माध्यम से किया जाएगा। अधिग्रहण का उद्यम मूल्य 209.5 करोड़ दक्षिण अफ्रीकाई जार यानी लगभग 1,118.7 करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पूरी तरह नकद में भुगतान किया जाएगा। वरुण बेवरेजेज के निदेशक मंडल ने इस सौदे को अपनी हाल की बैठक में मंजूरी दी।




ट्विजा गैर-अल्कोहलिक ब्रांडेड पेय पदार्थों का निर्माण और वितरण करती है। कंपनी के तीन उत्पादन केंद्र केप टाउन, क्वीनस्टाउन और मिडेलबर्ग की संयुक्त वार्षिक उत्पादन क्षमता 10 करोड़ नगदी है। अधिग्रहण के बाद ट्विजा बेवको की स्टेप-डाउन अनुषंगी कंपनी बन जाएगी। इस अधिग्रहण से वरुण बेवरेजेज को दक्षिण अफ्रीकी बाजार में अपने गैर-अल्कोहलिक पेय पदार्थों के उत्पादन और वितरण में मजबूती मिलेगी। यह कदम कंपनी के वैश्विक विस्तार रणनीति का हिस्सा है और स्थानीय बाजार में उनके कारोबार को और सुदृढ़ करेगा।

# अब एमएसएमई ऋण देने में डिजिटल डेटा आधारित निर्णय लेने लगे सरकारी बैंक

**- 2,61,281 आवेदन स्वीकृत हुए और 23,541 करोड़ जारी किए गए**




**नई दिल्ली ।**

वित्त वर्ष 2026 के 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने डिजिटल फुटप्रिंट आधारित क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल के तहत 28,724 करोड़ रुपये एमएसएमई को ऋण के रूप में मंजूर किए। इस अवधि में कुल 5,60,655 ऋण आवेदन जांचे गए, जिनमें से 2,61,281 आवेदन स्वीकृत हुए और 23,541 करोड़ रुपये जारी किए गए। लगभग 1,88,999 आवेदन अभी प्रक्रिया में हैं। बैंकों की कुल अस्वीकृति दर लगभग 20 प्रतिशत रही। बैंक ऑफ महाराष्ट्र में यह दर कम रही, जबकि बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक में अधिक आवेदन अस्वीकृत किए गए। अधिकारियों ने कहा कि यह अस्वीकृति डिजिटल डेटा आधारित वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन को दर्शाती है, न कि विवेकाधीन निर्णय। यह मॉडल 2024-25 के केंद्रीय बजट में पेश किया गया और मार्च 2025 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लॉन्च किया गया। बैंक अब जीएसटी फाइलिंग, आयकर रिटर्न, बैंक खाते की जानकारी और अन्य प्रमाणित डिजिटल रिकॉर्ड का उपयोग करके ऋण प्रस्तावों का मूल्यांकन कर रहे हैं। इस पहल का लक्ष्य एमएसएमई तक औपचारिक ऋण पहुंच बढ़ाना, गिरवी आधारित ऋण की निर्भरता कम करना और कर्ज देने की प्रक्रिया को तेज़ व पारदर्शी बनाना है।

# 2025 में विलय-अधिग्रहण में रिकॉर्ड तेजी

**– ओपन ऑफर 2008 के बाद सबसे ज्यादा**



**नई दिल्ली ।**

साल 2025 विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) के लिहाज से काफी सक्रिय रहा। प्राइमडेटाबेस डॉट कॉम के अनुसार, इस साल कुल 121 खुली पेशकशें हुईं, जो पिछले 17 वर्षों में सबसे अधिक हैं। यह संख्या 2008 के बाद दूसरी सर्वाधिक है, जब 133 खुली पेशकशें दर्ज हुई थीं। इस साल कुल 41,443.95 करोड़ रुपये की खुली पेशकशें की गईं, जो मूल्य के लिहाज से तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। सबसे बड़ी पेशकशों में टॉरंट फार्मास्युटिकल्स की जेबी केमिकल्स के लिए 6,842.80 करोड़ रुपये, निजी इक्विटी फर्म सीवीसी कैपिटल की इकाई एक्वीलो हाउस का आवास फाइनैंसर्स अधिग्रहण 3,682.15 करोड़ रुपये और आईएचएच हेल्थकेयर द्वारा फोर्टिस हेल्थकेयर का अधिग्रहण 3,349.44 करोड़ रुपये शामिल हैं। आम तौर पर, किसी कंपनी में 5 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी हासिल करने वाली संस्थाएं, कुल 25 फीसदी हिस्सेदारी या नियंत्रण में बदलाव के बाद खुली पेशकश करती हैं। अधिकतर पेशकशों का उद्देश्य न्यूनतम 26 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल करना और मौजूदा शेयरधारकों को बाहर निकलने का अवसर देना होता है। शेयरधारकों को आम तौर पर अधिग्रहण कीमत या 60 दिन से 52 हफ्ते तक के वॉल्यूम-वेटेड प्राइस के आधार पर भुगतान किया जाता है।

प्राइम डेटाबेस के अनुसार अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन और पारिवारिक व्यवसायों में पीढ़ीगत बदलाव की वजह से निजी इक्विटी कंपनियां अधिक सक्रिय हैं। एक रिपोर्ट में भी नवंबर 2025 में निजी इक्विटी लेनदेन 2022 के बाद उच्चतम स्तर पर दिखाए गए हैं।

# स्मॉलकैप ने 2025 में निवेशकों को दिया असाधारण रिटर्न

**मुंबई ।** साल 2025 भारतीय शेयर बाजार के लिए मिला-जुला रहा। निफ्टी 50 ने करीब 10 फीसदी और सेंसेक्स ने लगभग 9 फीसदी का स्थिर रिटर्न दिया। वहीं स्मॉलकैप सेगमेंट के कुछ शेयरों ने निवेशकों को भारी लाभ दिया। शुरुआती निवेशकों को 3,200 फीसदी से 6,000 फीसदी तक रिटर्न मिलने की खबर है। रिपोर्ट के अनुसार, डिफेंस, सेमीकंडक्टर, रिन्यूएबल एनर्जी और एमएसएमई जैसे सेक्टरों में तेजी रही। कंपनियों ने रणनीतिक बदलाव, विदेशी साझेदारी और मजबूत ऑर्डर बुक के जरिए निवेशकों का भरोसा हासिल किया। स्वदेशी इंडस्ट्रीज का शेयर 2.92 से उछलकर 146.40 रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने फिलीपींस की पर्लेस वेल फ्लोरा के साथ रणनीतिक साझेदारी की है और अब एशिया में एमएसएमई इंडस्ट्रियल पार्क और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे हाई-ग्रोथ क्षेत्रों पर फोकस कर रही है। पहले यूरो एशिया एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के नाम से जानी जाने वाली आरपीपी डिफेंस के शेयर 20.31 से बढ़कर 936.30 रुपए हो गए। कंपनी अब डीप-टेक डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग की ओर बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की मेरोलाइट के साथ करार के बाद महाराष्ट्र में एडवांस्ड वेपन सिस्टम्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट बनाई जाएगी।मिडवेस्ट गोल्ड के शेयर 111.57 से बढ़कर 4,048.85 रुपए तक पहुंच गए। 27 नवंबर 2025 को कंपनी ने श्रीलंका में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी गुड इनर्जी के गठन की जानकारी दी थी। यह इकाई रिन्यूएबल एनर्जी, क्लीन पावर सॉल्यूशंस और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम पर काम करेगी।स्वान डिफेंस (पहले रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग) के शेयर 37.78 से बढ़कर 1,259.70 रुपए पर पहुंच गए।

## रुपया सपाट बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया सपाट बंद हुआ। आज सुबह रुपया 22 पैसे की मजबूती के साथ शुरु हुआ। 89.45 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। शुक्रवार को यह 89.67 पर बंद हुआ था। विदेशी निवेशक भारत में शेयर बाजार और अन्य परिसंपत्तियों में निवेश बढ़ा रहे हैं, जिससे रुपया मजबूत हुआ। कंपनियों का डॉलर में निवेश और ब्रेंट क्रूड की कीमतें लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल होने से निवेशकों का भरोसा बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया सुबह 89.53 पर खुला और बाद में 89.45 तक मजबूत हुआ। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी बढ़कर 98.63 पर रहा। इसका असर रुपये पर सीमित दिखा।

## 2026 में क्रिप्टो करेंसी में भारी गिरावट की चेतावनी



**मुंबई ।** क्रिप्टो करेंसी को लेकर लोगों में भय बढ़ता चला जा रहा है। हाल ही में फंड स्ट्रेट ग्लोबल एडवरटाइजर्स ने चेतावनी जारी की है। उससे निविशकों की चिंता बढ़ गई है। इस चेतावनी भरी रिपोर्ट में कहा गया है। 2026 की पहली 6 माही में क्रिप्टो करेंसी में भारी गिरावट देखने को मिलेगी। बिटकॉइन 60000 डॉलर तक गिर सकता है। इथर कॉइन 1800 से 2000 रुपये तथा सोलना 50 से 75 डॉलर तक गिर सकता है। क्रिप्टो मुद्रा को लेकर अलग-अलग विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है। आउटलुक फंडस्ट्रेट के को-फाउंडर और प्रमुख विश्लेषक टाम ली ने कहा है। बिटकॉइन की करेंसी कुछ महीने में 2.5 लाख डॉलर तक जा सकती है। ली का मानना है, इथर अपने पुराने औसत अनुपात पर लौटता है, तो उसकी कीमत 12000 डॉलर तक जा सकती है। क्रिप्टो करेंसी को लेकर सारी दुनिया में अलग-अलग विशेषज्ञों के बीच में अलग-अलग राय देखने को मिल रही है। जिसके कारण निवेशकों में भय का वातावरण है।

## सावधान! बढ़ रहे हैं फर्जी एसएमएस, ट्राई ने बताए सुरक्षा के उपाय

**अनजान लिंक पर क्लिक न करें ओटीपी या पिन किसी से शेयर न करें**

**नई दिल्ली ।** ट्राई ने लोगों को चेतावनी दी है कि देखने में सरकारी या बैंक वाला हर एसएमएस असली नहीं होता। असली मैसेज का हैडर (सेंडर आईडी) अंत में खास अक्षर दिखाता है- पी (प्रमोशनल), एस (सर्विस), टी (लेन-देन), जी (सरकारी)। इन संकेतों से असली मैसेज की पहचान की जा सकती है। ठग डर या लालच के मैसेज भेजते हैं, जैसे आज ही केवायसी अपडेट करें या आपने लॉटरी जीती है। इन मैसेज में संदिग्ध लिंक होते हैं, जो नकली वेबसाइट पर ले जाते हैं। कभी-कभी कॉल करके खुद को बैंक अधिकारी भी बताते हैं। फर्जी लिंक पर क्लिक करने के बाद आपके बैंक डिटेल्स, कार्ड नंबर, सीवीवी, पिन या ओटीपी मांगे जाते हैं। यह जानकारी साझा करने से अकाउंट हैक होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए अनजान लिंक पर क्लिक न करें। ओटीपी या पिन किसी से शेयर न करें। डर या लालच वाले मैसेज को शक की नजर से देखें। जरूरत पड़े तो सीधे बैंक या कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट या कस्टमर केयर से संपर्क करें।




## 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे डिजिटल टैक्स नियम

**- टैक्स चोरी पर की जाएगी सख्त कार्रवाई**

**नई दिल्ली ।** 1 अप्रैल 2026 से भारत में नया टैक्स कानून लागू होगा, जो 1961 के इनकम टैक्स एक्ट की जगह लेगा। सरकार का कहना है कि यह बदलाव टैक्स सिस्टम को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए है। डिजिटल दौर में कमाई, निवेश और लेन-देन का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन होता है। इसलिए टैक्स चोरी रोकने के लिए डिजिटल मोर्चे पर सख्ती बढ़ाई जा रही है। नए कानून के तहत आयकर विभाग को जरूरत पड़ने पर सोशल मीडिया अकाउंट्स, ईमेल, क्लाउड स्टोरेज और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स तक कानूनी पहुंच मिलेगी। इसका मकसद फर्जी कंपनियों, बेनामी लेन-देन और छुपी हुई आमदनी पर तेज़ी से कार्रवाई करना है। इस नियम का सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ेगा जो आमदनी छुपाते हैं, फर्जी कंपनियों के जरिए पैसा घुमाते हैं, बेनामी लेन-देन करते हैं और खर्च ज्यादा और टैक्स कम दिखाते हैं। ईमानदार टैक्सपेयर्स के लिए इसका कोई नकारात्मक असर नहीं होगा। इसे लिए आम लोगों को सलाह दी जाती हैं कि अपनी आमदनी सही-सही दिखाएं, खर्च और निवेश का रिकॉर्ड रखें, टैक्स रिटर्न ईमानदारी से भरें और डिजिटल लेन-देन में पारदर्शिता बनाए रखें।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही खरीददारी वाली रहने से आया है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 638.12 अंक बढ़कर 85,567.48 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 206 अंक की तेजी के साथ ही 26,172 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स पैक में इन्फोसिस, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, बीईएल, सन फार्मा, एचसीएल टेक, मारुति सुजुकी, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व और आईटीसीके शेयर लाभ में रहे जबकि एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक, एलएंडटी, इंडिगो और बजाज फाइनेंस के शेयर गिरे थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी बढ़त रही।

वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 505.10 अंक बढ़कर 60,815.25 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 202.70 अंक ऊपर आकर बढ़त के साथ ही 17,593 पर बंद हुए। ऑटो, मेटल, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी,




इन्फ्रा, कमोडिटी, कंजप्शन और सर्विसेज सहित अधिकतर इंडेक्स बढ़त पर बंद हुए। बाजार का रुख आज सकारात्मक रहा। आज 2,794 शेयर बढ़त पर जबकि 1,515 शेयर गिरावट पर थे। वहीं 192 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। बाजार जानकारों ने अनुसार भारतीय शेयर मार्केट में तेजी जारी है। इसका कारण फेड की ओर से ब्याज दरों में कमी से आई है। आईटी और मेटल स्टॉक्स में बढ़त बनी है। निवेशकों की नजरें अब भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर टिकी हैं।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। सुबह सेंसेक्स 446.78 अंकों की मजबूती के साथ 85,376.14 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 50 146.75 अंकों की बढ़त के साथ 26,115.90 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एशिया-पैसिफिक बाजारों में भी तेजी देखने को मिली। चीन के केंद्रीय बैंक द्वारा लोन प्राइम रेट को स्थिर रखने के बाद जापान का निक्केई 225 1.86 फीसदी और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.9 फीसदी चढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 भी 0.83 फीसदी की बढ़त के साथ खुला, जिससे भारतीय बाजार को भी समर्थन मिला।

## मरीज को वेंटिलेटर पर रखने से पहले परिवार को देनी होगी पूरी जानकारी

**- खर्च का अनुमान, इलाज की प्रक्रिया, संभावित जोखिम और परिणाम भी शामिल होंगे**

**मुंबई ।** केंद्र सरकार ने प्राइवेट अस्पतालों में वेंटिलेटर सपोर्ट पर नई गाइडलाइंस जारी की हैं। अब अस्पतालों को मरीज को वेंटिलेटर पर रखने से पहले परिवार को पूरी जानकारी देनी होगी। इसमें खर्च का अनुमान, इलाज की प्रक्रिया, संभावित जोखिम और परिणाम शामिल होंगे। केवल परिवार की सहमति मिलने पर ही वेंटिलेटर सपोर्ट शुरू किया जा सकेगा। नए नियमों के तहत आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रोजाना का खर्च भी परिवार को बताया जाएगा। इससे परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से तैयार रह सकेगा। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जान बचाने वाला इलाज किसी वित्तीय शोषण का माध्यम न बने। गाइडलाइन बायोएथिकल सिद्धांतों पर आधारित हैं। इसमें मरीज की स्वतंत्रता और निर्णय लेने का अधिकार (ऑटोनॉमी), उनके हित में निर्णय लेना (बेनेफिसेंस), नुकसान से बचाव (नॉन-मैलेफिसेंस) और समान अवसर सुनिश्चित करना (न्याय) शामिल हैं। प्राइवेट अस्पतालों में वेंटिलेटर चार्ज अब समान होंगे और कोई छुपा हुआ शुल्क नहीं लिया जाएगा। डॉक्टरों को वेंटिलेटर लगाने से पहले स्पष्ट रूप से बताना होगा कि इसे क्यों लगाया जा रहा है और संभावित परिणाम क्या हैं।

# भारत का दवा उद्योग 2047 तक 500 अरब डॉलर के लक्ष्य की ओर

**- देश का दवा उद्योग पिछले 25 वर्षों में 3 अरब डॉलर से 60 अरब डॉलर तक बढ़ चुका**

**नई दिल्ली ।**


भारत का दवा उद्योग वर्ष 2026 से अगले पांच साल को निर्णायक चरण मान रहा है, ताकि यह वर्ष 2047 तक 450-500 अरब डॉलर का उद्योग बनते हुए वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित हो सके। यह लक्ष्य वैश्विक व्यापार पुनर्संरचना और शुल्क उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियों के बीच रखा गया है। देश का दवा उद्योग मुख्य रूप से जेनेरिक दवाओं पर आधारित है और पिछले 25 वर्षों में 3 अरब डॉलर से 60 अरब डॉलर तक बढ़ चुका है। अब कंपनियां अगली पीढ़ी की दवाओं और नवाचार की दिशा में तेजी से बढ़ रही हैं। आगामी सात वर्षों में 300 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की दवाओं के पेटेंट समाप्त होंगे, जो भारतीय कंपनियों के लिए नए उत्पाद हासिल करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त बनाने का अवसर है। प्रमुख कंपनियां उच्च मूल्य वाले उत्पाद खरीद रही हैं, लाइसेंस समझौते कर रही हैं और नई दवाओं के लिए नियामक स्वीकृति प्राप्त कर रही हैं। दवा-चिकित्सकीय प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली पीआरआईपी



योजना उद्योग से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त कर रही है। इसके साथ ही बौद्धिक संपदा सुरक्षा, उत्पादन मानकों का उन्नयन और वैश्विक गुणवत्ता मानकों के साथ तालमेल पर सरकार का ध्यान इस संक्रमण को और मजबूत बना रहा है। आईपीए और ओपीपीआई जैसे प्रमुख संगठनों ने माना है कि यह समय नवाचार, गुणवत्ता और पहुंच पर आधारित निर्णायक मोड़ है। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र और चिकित्सकीय प्रौद्योगिकी उद्योग भी नए मॉडल और वैश्विक नेतृत्व के अवसर तलाश रहे हैं।

## सेबी ने शॉर्ट सेलिंग नियमों में बदलाव की खबर खारिज की

**मुंबई ।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने स्पष्ट किया है कि शॉर्ट सेलिंग के नियमों में अभी कोई बदलाव नहीं हुआ है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने यह गलत खबर फैलाई थी कि नियमों में संशोधन हुआ है, जिसे सेबी ने खारिज किया। सेबी के एक प्रमुख अे धिकारी ने नवंबर में कहा था कि नियामक जल्द ही शॉर्ट सेलिंग और सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) ढांचे की व्यापक समीक्षा के लिए एक कार्य समूह का गठन करेगा। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि नियम तुरंत बदल गए हैं। शॉर्ट सेलिंग का ढांचा वर्ष 2007 में लागू हुआ था और तब से अधिकांशतः अपरिवर्तित रहा है। वर्तमान में निवेशकों और बाजार प्रतिभागियों को मौजूदा नियमों के अनुसार ही कार्य करना होगा।





# मैंने प्यार किया फेम भाग्यश्री पर चढ़ा बनारस का रंग

90 के दशक की सुपरहिट फिल्म मैंने प्यार किया फेम भाग्यश्री सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। अभिनेत्री हाल ही में बनारस की सैर पर थी। शनिवार को अभिनेत्री ने घाट की शानदार तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री गंगा घाट पर आनंद लेती नजर आ रही हैं। उन्होंने पोस्ट कर एक मजेदार कैप्शन लिखा, बनारस की सुबह। यहां की सुबह कुछ अलग ही होती है। यहां पर सुकून और शांति मिलती है, जैसे सभी नदियों में गंगा का पानी सबसे खास हो। यहां आकर इंसान खुद को भूल जाता है और नाविक आपको गंगा पार कराकर आपसे ही आपकी पहचान करा देता है। उन्होंने आगे लिखा, बनारस की हर सुबह अलग होती है। आज मौसम बादलों से घिरा था, इसलिए सूरज की पहली किरणें नहीं दिखीं। फिर भी यह अनुभव बहुत शांत और अद्भुत था। फैंस को अभिनेत्री का ये पोस्ट काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन में खुलकर अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, गंगा मैया चे विस्तिर्ण पात्र, निर्मळ पाणी 'गंगा तेरा पानी अमृत, झर झर बहता जाए, युग युग से इस देश की धरती, तुझसे जीवन पाए। अभिनेत्री ने अपने करियर में भले ही कुछ ही फिल्मों में काम किया हो, लेकिन दर्शकों के दिलों में वे आज भी मौजूदगी दर्ज करवाती हैं।



# सोनू के टीटू की स्वीटी के इस सीन के अमिताभ बच्चन हुए फैन

**कार्तिक** आर्यन की सोनू के टीटू की स्वीटी का एक आइकॉनिक वॉकिंग सीन एक बार फिर चर्चा में है और इस बार वजह बने हैं खुद सदी के महानायक अमिताभ बच्चन। सालों पहले फिल्म में दिखा यह शांत लेकिन बेहद असरदार पल अब दोबारा सुर्खियों में आ गया है, जब अमिताभ बच्चन ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर इस सीन को याद करते हुए कार्तिक की तारीफ की। महानायक ने बातचीत के दौरान फिल्म का ज़िक्र करते हुए बताया कि कार्तिक का एक खास शॉट उनके ज़हन में आज भी बसा हुआ है। यह वही आखिरी सीन है, जहां कार्तिक का किरदार बिना एक भी शब्द बोले, सिर्फ खामोशी के साथ वहां से चला जाता है और भावनाएं खुद-ब-खुद सामने आ जाती हैं। उस पल को याद करते हुए अमिताभ बच्चन ने कहा, 'मैं आपको बताऊं, मुझे आपका कौन सा शॉट याद है। आप लास्ट शॉट में एकदम सीरियस होकर खड़े होते हो। बस आपको 'ना' बोलना होता है। पर आप 'ना' नहीं बोलते। आप चुप-चाप चलकर आते हो... और निकल जाते हो।' परफॉर्मेंस की इस सादगी और संयम की तारीफ करते हुए बिग बी ने इसे एक शब्द में समेटते हुए 'असाधारण' बताया। अमिताभ बच्चन की इस टिप्पणी ने दर्शकों के दिल को छू लिया। सोशल मीडिया पर फैंस ने एक बार फिर उस सीन को देखा और उसकी भावनात्मक गहराई की सराहना की। ऐसे दौर में, जहां ज़ोरदार डायलॉग्स और ओवर-द-टॉप क्लाइमेक्स आम हो चुके हैं, कार्तिक का यह साइलेंट मोमेंट यह याद दिलाता है कि कभी-कभी खामोशी ही सबसे ज़्यादा बोलती है। भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े आइकॉन से मिली इस खास सराहना के बीच, कार्तिक आर्यन अब अपनी अगली फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की तैयारी में जुटे हैं, जो क्रिसमस पर रिलीज़ होने वाली है। ऐसे में फेस्टिव सीज़न में दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

# तमन्ना भाटिया ने 16 साल की उम्र में डेब्यू

## आज बॉलीवुड और साउथ की टॉप एक्ट्रेस में शुमार



**कातिलाना** अदाएं, जबरदस्त अदाकारी और गजब का कॉन्फिडेंस... बॉलीवुड हो या साउथ इंडस्ट्री, हर जगह अपनी पहचान बनाने के लिए इन तीन चीजों की जरूरत पड़ती ही है। ऐसे में किसी ने शब्दों को सच कर दिखाया है तो वो हैं तमन्ना भाटिया। यूं तो इंडस्ट्री में हसीनाओं की कमी नहीं है, लेकिन तमन्ना ने बेहद कम समय में अपनी एक्टिंग, डांसिंग और बेमिसाल फैशन सेंस से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने सिर्फ साउथ में ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड में भी अपना सिक्का मनवाया है।

तमन्ना का जन्म 21 दिसंबर 1989 को मुंबई में हुआ। बहुत कम उम्र में ही उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने अपनी पहली हिंदी फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। तमन्ना ने जल्द ही साउथ इंडस्ट्री की ओर रुख किया और वहां अपनी मेहनत और टैलेंट से खुद को साबित किया। तमिल और तेलुगु फिल्मों में उन्होंने कई हिट फिल्में दीं और जल्दी ही टॉप एक्ट्रेस बन गईं। 2013 में उन्होंने बॉलीवुड में 'हिम्मतवाला' से वापसी की। तमन्ना की खूबसूरती, अदाएं और स्टाइल हर किसी के दिल को छू जाती हैं। आज की रात', 'नशा' और 'पिया के बाजार' जैसे आइटम सॉन्ग्स में उन्होंने अपने शानदार डांस मूव्स से दर्शकों को दीवाना बना दिया। इसके अलावा, वह 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं, जिनमें उनकी एक्टिंग और प्रेजेंस ने सबका ध्यान खींचा। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी तमन्ना ने अपनी छाप छोड़ी। 'जी करदा' और 'आखिरी सच' जैसी वेब सीरीज में उनकी एक्टिंग को काफी सराहा गया। इन दोनों सीरीज के लिए उन्हें बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट में 'बेस्ट फीमेल एक्टर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड भी मिला।

# 'शक्तिमान' के लिए मुकेश खन्ना ने रणवीर सिंह को कहा था 'ना'

मुकेश खन्ना ने फिल्म 'शक्तिमान' के लिए रणवीर सिंह को मना कर दिया था, हालांकि अब उनकी फिल्म 'धुरंधर' की कामयाबी के बाद उनकी तारीफ की है। अभिनेता मुकेश खन्ना ने 'धुरंधर' के बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन करने पर तारीफ की है। उन्होंने 'धुरंधर' को परफेक्ट फिल्म बताया है। उन्होंने फिल्म के कलाकारों रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना की भी तारीफ की है। आइए जानते हैं अभिनेता ने फिल्म के बारे में और क्या कहा है? मुकेश खन्ना ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा 'यह परफेक्ट और कमर्शियल फिल्म है, जो जनता को पसंद आएगी। हर डिपार्टमेंट ने अपना बेस्ट काम किया है, चाहे वह अभिनय हो, निर्देश हो, एक्शन हो, सिनेमैटोग्राफी हो या लेखन हो। सबने अपना बेस्ट दिया है, इसलिए आप इस फिल्म को हर तरह से 'धुरंधर' कह सकते हैं।'



## मुकेश खन्ना ने की रणवीर सिंह की तारीफ

रणवीर सिंह की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा 'हां, मैं इस फिल्म 'धुरंधर' के हीरो रणवीर सिंह की तारीफ करना चाहूंगा। आप कहेंगे, 'आपने उन्हें शक्तिमान का रोल नहीं करने दिया'। हो सकता है मैंने उन्हें शक्तिमान का रोल देने से मना किया हो, लेकिन वह एक अच्छे एक्टर हैं। मैं यह हमेशा कहता हूं।' ख्याल रहे मुकेश खन्ना बॉलीवुड फिल्मों में अपनी बेहतरीन अदाकारी के साथ टीवी सीरियल 'शक्तिमान' से काफी मशहूर हुए।

# अनुपम खेर ने इस बात के लिए की करीना कपूर की तारीफ



**अभिनेता** अनुपम खेर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी से जुड़ी अपडेट साझा करते रहते हैं। हाल ही में वह अभिनेत्री करीना कपूर से एक फ्लाइट में मिले। उन्होंने करीना के साथ तस्वीरें ली और इसे इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेता ने करीना के बारे में कई बातें लिखी हैं।

करीना कपूर के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए अनुपम खेर ने पोस्ट में लिखा 'फ्लाइट में करीना कपूर के साथ। मैं बेबो से साल 2000 में 'रिफ्यूजी' के सेट पर मिला था। यह उनकी डेब्यू फिल्म थी। वह बेहद खूबसूरत, आत्मविश्वासी होने के साथ-साथ थोड़ी नाजुक भी थीं। वह बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए बेचैन थीं। एक इंसान के तौर पर वह कमाल की हैं! कई वर्षों में उन्होंने बहुत तरक्की की है।'

## अच्छे रोल की तलाश में करीना कपूर

अनुपम खेर ने आगे लिखा 'बीते कल हम एक ही फ्लाइट में थे। हमने कई चीजों के बारे में बातें कीं। 25 वर्षों के बाद यह जानकर अच्छा लगा कि वह अच्छे रोल की तलाश में हैं। वह एक बेहतरीन इंसान हैं और उन्हें बात करना पसंद है। मेरी तारीफ करने के लिए करीना कपूर आपका बहुत शुक्रिया। इतने वर्षों बाद मैं वैसा ही दिखता हूं। भगवान आपको और आपके परिवार को सुखी रखे। आपको प्यार और आपके लिए दुआएं।'

# उर्मिला मातोंडकर ने छोड़ी एक्टिंग?

## 51 साल की अभिनेत्री ने अफवाहों पर दिया रिएक्शन



एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर ने 1977 की फिल्म 'कर्म' में एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग डेब्यू किया था। 1991 में, उन्होंने 'नरसिम्हा' से लीड रोल में डेब्यू किया। इसके बाद वह 'रंगीला', 'जुदाई', 'कौन', 'भूत' और 'पिंजर' जैसी फिल्मों में नजर आईं। हालांकि, वह कई वर्षों से स्क्रीन से दूर हैं, जिससे दर्शकों को लगता है कि उन्होंने शायद फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी है। फिल्म से दूरी बनाने की अफवाहों पर उर्मिला ने अपनी बात रखी है। फिल्मों से दूरी बनाने की अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए उर्मिला मातोंडकर ने एचटी से कहा, 'जब मेरे काम की बात आती है, तो मैं हमेशा सेलेक्टिव रही हूं। अगर किसी को लगा कि शायद मैं फिल्में नहीं कर रही हूं या कुछ और, तो मैं किसी को दोष नहीं दे सकती। हालांकि ऐसा कभी नहीं था। मैं इस समय सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।'

## ओटीटी पर काम करना चाहती हैं उर्मिला


उर्मिला ने यह भी बताया कि वह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर रही हैं। उन्होंने कहा 'अब सेट पर वापस जाने और फिर से धमाल मचाने का समय आ गया है।' उर्मिला ने बताया कि वह किस तरह के रोल करना चाहती हैं, 'मैं ऐसे रोल ढूंढ रही हूं जो मैंने पहले नहीं किए हैं, खासकर ओटीटी पर।

## शेफाली शाह ने सुनाई वेकेशन की दास्तां

# शिफॉन साड़ियां यशराज फिल्म में ही अच्छी लगती हैं



अभिनेत्री शेफाली शाह इन दिनों परिवार के साथ विदेश में छुट्टियां मना रही हैं। शेफाली ने मजाकिया अंदाज में बताया कि ठंड के मौसम में उन्हें मजेदार अनुभव और सबक मिले। शेफाली ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट कीं और साथ में मजेदार अंदाज में छुट्टियों के बारे में भी बताया। शेफाली ने लिखा, 'पहले मैं ठंड में जम गई थी, अब पिघल रही हूं। ठंड में प्यार नहीं, बल्कि थर्मल कपड़े ही गर्म रखते हैं। पुराने थर्मल का साथ कभी न छोड़ें और हां, बर्फ पर गिरने का खतरा ज्यादा होता है। आप ठंड के समय में छुट्टियों पर निकलें और आपके साथ कोई ऐसा शख्स न हो जो दस्ताने, फोन, स्कार्फ संभाल सके, तो मुश्किल और भी बढ़ जाती है।' शेफाली शाह ने यशराज फिल्म्स का जिक्र करते हुए आगे कहा, 'शिफॉन साड़ियां तो यशराज फिल्मों में अच्छी लगती हैं, रियल लाइफ में नहीं, क्योंकि ठंड में उंगलियां जाती हैं। ठंड को हल्के में न लें। यहां कम-ज्यादा नहीं, बल्कि ज्यादा लेयरिंग करें। हो सके तो जैकेट के नीचे 64 थर्मल लेयर पहन लें। जो लोग सर्दी के कपड़ों में स्टाइलिश दिखते हैं, वो शेफाली तो पक्का नहीं हो सकते हैं। अच्छे कपड़े या गर्म रहकर जिंदा रहना, मैंने दूसरे का चुनाव किया। स्नो पैंट स्टाइल के लिए नहीं, बल्कि गीला होने से बचाने के लिए होते हैं, इसलिए जरूर पहनें। एक आउटफिट तैयार करने में तीन घंटे लग जाते हैं - लेयरिंग, जूते के फीते बांधना, दस्ताने उतारना-पहनना और आखिर में पता चलना कि अंदर की थर्मल लेयर भूल गए।' एक्ट्रेस ने आगे बताया,' पुराने स्नो शूज न पहनें, नहीं तो 'सोल लेस' हो जाएंगे। हील वाले बूट सेक्सी हैं, लेकिन भद्दे कपड़े पहनकर जिंदा रहना बेहतर है। स्टाइलिश कपड़ों में ठंड से बचाव नहीं हो सकता। '



# बिना आरडीएक्स के वेलकम अधूरी

## फिल्म के 18 साल पूरे होने पर अनिल कपूर ने किया फिरोज को याद

**बॉलीवुड** की यादगार कॉमेडी फिल्मों में शामिल 'वेलकम' जैसी फिल्म को आज तक याद किया जाता है। मल्टीस्टार कास्ट से सजी इस फिल्म की खासियत यह रही कि हर किरदार ने अपनी अलग पहचान बनाई और अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। चाहे 'मेरी एक टांग नकली है, मैं हॉकी का बहुत बड़ा खिलाड़ी था' जैसे डायलॉग से हंसी बटोरने वाले मुश्ताक खान हों या फिर 'देखो वो जिंदा है' कहकर याद रह जाने वाली सुप्रिया कार्निक, फिल्म का हर किरदार आज भी लोगों को याद है। अब जब इस कॉमेडी क्लासिक के 18 साल पूरे हो चुके हैं, तो अभिनेता अनिल कपूर ने फिल्म से जुड़े अपने पुराने साथी और दिवंगत अभिनेता-निर्माता फिरोज खान को याद करते हुए उनसे जुड़ी यादों को साझा किया है। वेलकम फिल्म के 18 साल होने पर अनिल कपूर ने फिल्म से जुड़ी पुरानी यादों को ताजा किया है और फिल्म के सुपरहिट होने का श्रेय भी दिवंगत फिरोज खान को दिया है। अभिनेता ने फिल्म की पुरानी फोटोज को शेयर कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'वेलकम के 8 साल। यह फिरोज खान साहब के लिए है। आरडीएक्स के बिना 'वेलकम' अधूरी थी, ठीक वैसे ही जैसे मोगैम्बो के बिना 'मिस्टर इंडिया' अधूरा थी। दोनों की जगह कोई नहीं ले सकता। उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे स्क्रिप्ट सुनते समय याद है, मैं सोच रहा था कि यह कैसी बनेगी। पिक्चर यहीं रुक जाती है, बैठ जाती है। अनीस भाई ने कहा, 'चिंता मत करो, फिरोज साहब पिक्चर संभाल लेंगे,' और उन्होंने ऐसा ही किया। आरडीएक्स ने फिल्म को ऊपर उठा दिया।

साभार एजेंसी


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in